जबलपुर
सोमवार, 8 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 20, अंक : 219
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


नक्सलियों ने सौंपे हथियार


नक्सलियों का सरेंडर

## मुख्यमंत्री ने संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा

# 2 करोड़ 36 लाख के इनामी 10 हार्डकोर नक्सलियों ने सीएम डॉ. मोहन यादव के समक्ष डाले हथियार

सीएम ने कहा- कानून की राह चलने वालों के पुनर्वास की चिंता सरकार करेगी

**आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रदान की संविधान की प्रति**

**मुख्यमंत्री ने की पुलिस अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई**

**जनवरी 2026 तक लाल सलाम को आखरी सलाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नक्सलवाद के सफाए की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष बालाघाट में 10 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर हथियार डाल दिए हैं। इनमें 4 महिला नक्सली हैं। इन पर कई राज्यों में कुल 2 करोड़ 36 लाख रुपए का इनाम घोषित था।



### एंटी नक्सल अभियान को सशक्त और सुदृढ़ करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेजी से घटा है। पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## कैबिनेट की बैठक सहित होंगी विभागीय समीक्षाएं

# आज व कल दो दिनों तक खजुराहो से चलेगी डॉ. मोहन सरकार

**लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित होगी राशि**

**सांस्कृतिक विरासत और पर्यटक स्थलों का करेंगे भ्रमण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार से अपने मंत्रिमंडल के साथ दो दिन तक खजुराहो में रह कर कैबिनेट बैठक के साथ विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। सोमवार 8 दिसम्बर को सबसे पहले खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के साथ शुरूआत होगी। इसके बाद औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण और खनिज विभाग की समीक्षा की जाएगी।

### दो दिनों तक लगी रहेगी सौगातों की झड़ी

खजुराहों में आदिवर्त संग्रहालय का भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण। पन्ना टाइगर रिजर्व कुटनी रिसॉर्ट डैम एवं रनेह फॉल का भ्रमण। 27055 लाख के 9 विकास का भूमि-पूजन। 24010 लाख के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण। राज नगर के सती की मढ़िया में लाड़ली बहना सम्मेलन में विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी।

Ninh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मंडला में सरिये से लदा ट्रक पलटा, 3 की मौत

**जबलपुर।** मंडला में बम्हनी थाना अंतर्गत चौकी अंजनिया क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 स्थित अहमदपुर चौराहा पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शनिवार देर रात लगभग 1 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार मटर से भरी पिकअप एक्सीडेंटल जोन के समीप लोडेड खड़ी हुई थी।



### तेज रफ्तार बस ने ड्यूटी पर तैनात आरक्षक को कुचला

**शहडोल।** शहर के बस स्टैंड परिसर में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षक महेश पाठक को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस वहीं छोड़कर फरार हो गया, घटना स्थल पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई।



### मालगाड़ी की चपेट में आए 5 लोग, 2 की मौत

**जबलपुर।** मदन महल रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। नरसिंहपुर से जबलपुर आए परिवार की तीन महिलाएं और तीन बच्चे ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफॉर्म बदलते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में पुष्पा सोनी नामक महिला की मौके पर ही तथा 4 वर्षीय बालक राजवीर लोधी की इलाज के दौरान मौत हो गई।




## इंडिगो संकट: सरकार की सख्ती, 6 दिन बाद इंडिगो की 1650 फ्लाइट आसमान में

# एयरलाइन ने 610 करोड़ रु. रिफंड किए यात्रियों को 3 हजार बैगेज भी लौटाए

*इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिगो में छाए ऑपरेशन संकट के रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड प्रोसेस किया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं।

इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भ रही हैं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं।

**रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं**


फाइल फोटो

**छठे दिन भी 650 से अधिक फ्लाइट कैंसिल**

### 15 दिन में रिपोर्ट देगा डीजीसीए का जांच पैनल

डीजीसीए ने मौजूदा संकट के पीछे कारणों का पता लगाने के लिए चार सदस्यों का एक जांच पैनल बनाया है। कमेटी में डीजीसीए के जॉइंट डायरेक्टर जनरल संजय के ब्रम्हाने और डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित गुप्ता, सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन कपिल मांगलिक और फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन रामपाल शामिल हैं। पैनल 15 दिन के अंदर रिपोर्ट और सुझाव देगा ताकि जरूरी कार्रवाई की जा सके।

### इंडिगो, डीजीसीए और एविएशन मंत्रालय से जवाब मांग सकती है संसदीय समिति

इंडिगो की फ्लाइट्स के बड़े पैमाने पर कैंसिल होने की वजह से देश के एयरपोर्ट पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं, इस मामले में एक पार्लियामेंट्री पैनल प्राइवेट एयरलाइंस के टॉप अधिकारियों और सिविल एविएशन रेगुलेटर को बुला सकता है। जेडीयू नेता संजय झा की अध्यक्षता वाली ट्रांसपोर्ट, टूरिज्म और कल्चर पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी, एयरलाइंस के टॉप अधिकारियों और डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) और सिविल

### इंडिगो संकट पर पायलटों का खुला पत्र

सोशल मीडिया पर इंडिगो पायलटों का एक कथित खुला पत्र आया है, जिसमें सीईओ पीटर एल्बर्स समेत कई शीर्ष अधिकारियों पर एयरलाइन को डूबने की कगार पर पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पत्र में कहा गया हैकि इंडिगो एक दिन में नहीं गिरी, यह गिरावट कई वर्षों से बन रही थी।

## इंडिगो संकट के बीच इस एयरलाइन का बड़ा ऐलान

### ना कैंसिलेशन फीस, रिफंड भी पूरा

इंडिगो संकट के बीच दो एयरलाइंस ने यात्रियों को बड़ी राहत देने का काम किया है। एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अब घरेलू उड़ानों की इकोनॉमी टिकटों के दाम पहले से ही तय रहेंगे। इसका मतलब यह है कि कम उड़ानों की वजह से अचानक से किराया बढ़ाना अब संभव नहीं होगा। केंद्र सरकार ने भी एयरलाइंस को ऐसा करने की अनुमति दी थी।

### सरकार ने अब तक क्या किया?

- कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस करना होगा। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।

## मरने वालों में 18 की हुई पहचान जिसमें 4 टूरिस्ट और 14 कर्मचारी शामिल

# गोवा के नाइट क्लब में फटा सिलेंडर, 25 की हुई मौत

### 50 लोग घायल, पीएम ने दुख व्यक्त किया


हादसे के वक्त का दृश्य

**क्लब प्रबंधक सहित 4 को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

एजेंसी ⏭ पणजी

गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर फटने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया।

**पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख का ऐलान किया**

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा आग लगने की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैंने घटनास्थल का दौरा किया और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दु:ख व्यक्त किया

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवा के अरपोरा में हुए अग्निकांड में लोगों के हताहत होने पर दुख जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

#### आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर घटना

## अज्ञात वाहन ने चीते को कुचला, शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर


■ कूनो की सीमा से बाहर थे गामिनी के शावक

कूनो नेशनल पार्क की सीमा से बाहर निकलकर अपने दो शावकों के साथ ग्वालियर जिले के घाटीगांव वन क्षेत्र में घूम रही मादा चीता गामिनी के एक शावक की शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। यह हादसा आगरा-मुंबई नेशनल हाइवे पर ग्वालियर जिले की सीमा में घटित हुआ।

#### शिवपुरी के पिछोर थाने का मामला

## एलएलबी के छात्र को टीआई ने चप्पल से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर


■ शिकायत दर्ज कराने आए छात्र पर केस

शिवपुरी जिले के पिछोर थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे एलएलबी के छात्र क्षितिज पाठक के साथ टीआई ने चप्पलों से मारपीट कर दी। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिछोर टीआई इसे फर्जी और एआई निर्मित बता रहे हैं। पीड़ित छात्र क्षितिज का आरोप है कि टीआई ने न सिर्फ उसके साथ मारपीट की है, बल्कि अकारण रात भर थाने के बैरक में बंद रखा।

#### वाहन की टक्कर से घायल हुआ था

## इलाज के दौरान बाघ की मौत, आज अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन


■ वन विभाग रातभर निगरानी करता रहा

जिले के बाड़ी वन क्षेत्र में एनएच 46 के तहत नागिन मोड़ के समीप सिघोरी अभ्यारण्य क्षेत्र में शनिवार-रविवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाघ घायल हो गया था। वन महकमे की टीम घायल बाघ की निगरानी में रातभर तैनात रही। रविवार को सुबह वनविभाग टीम रेस्क्यू कर भोपाल के वन विहार में शिफ्ट किया था।

## 6 साल पुराने रिश्ते पर अब ब्रेक

# क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पलाश की शादी टूटी, एक दूसरे को किया अनफॉलो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने अपनी शादी टलने पर चल रहे लंबे समय से विवाद पर अपना खुलासा कर दिया है। उन्होंने बता दिया है कि यह शादी रद्द हो गई है। वहीं इस पर अब म्यूजिक कम्पोजर पलाश मुच्छल का भी रिएक्शन सामने आया है। स्मृति की इंस्टा स्टोरी के तुरंत बाद पलाश ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए कहा है कि वह अब इस रिश्ते से पीछे हट रहे हैं।

**पलाश ने भी कहा- वह अब इस रिश्ते से पीछे हट रहे**

### पलाश मुच्छल ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकी


फाइल फोटो

स्मृति मंधाना के शादी कैंसिल होने के पोस्ट के बाद पलाश मुच्छल ने भी एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने जहां जिंदगी में आगे बढ़ने और इस रिश्ते से पीछे हटने की बात कही।

### 2019 में शुरू हुई थी लव स्टोरी

स्मृति मंधाना ने 2024 में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने रिलेशनशिप पब्लिक किया था। हालांकि, दोनों एक-दूसरे को साल 2019 से ही डेट कर रहे थे। यानी छह साल पहले दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई पलाश ने अपनी बहन पलक मुच्छल के सामने गाना गाकर स्मृति को प्रपोज किया था।

## ससुराल पक्ष ने पीले हाथ कर खुशी-खुशी किया विदा

# बदलाव की बयार: जेठ ने भाई की पत्नी का पुनर्विवाह रचाया, जीवन में फिर आई 'बहार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अच्छी खबर

शिक्षा और जागरुकता के चलते अब सामाज में बदलाव की बयार चलने लगी है। हाल ही में सीहोर इसका साक्षी बना है। जहां एक जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी का न केवल पुनर्विवाह कराया बल्कि खुद भाई बनकर सभी रस्में पूरी की और उसे खुशी-खुशी अपने घर से विदा किया। ये अनुकरणीय उदाहरण गंज निवासी राठौर परिवार ने पेश किया है। इसी साल राठौर परिवार के सबसे छोटे बेटे रजत राठौर का विवाह सागर निवासी प्रतिभा राठौर से हुआ था। विवाह को अभी महज 9 महीने ही बीते थे कि अचानक हार्ट अटैक आने से रजत का निधन हो गया। कम उम्र में विधवा हुई प्रतिभा का भविष्य संकट में आ गया लेकिन परिवार ने उसे सहारे के बजाय अकेला छोड़ने के बजाय नई जिंदगी देने का फैसला किया।


विवाह समारोह के दौरान राठौर परिवार

## कोल्ड वेव के साथ अब कोल्ड-डे का असर...दिन में छाए बादल, बर्फबारी बढ़ाएगी सर्दी

दो दिन ऐसा ही रहेगा सर्दी का मिजाज

# खंडवा, नरसिंहपुर में कोल्ड-डे, भोपाल शहडोल में कंपकंपाने वाली शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी तेज सर्दी का दौर जारी रहा। रविवार को कोल्ड वेव के साथ कुछ जिलों में कोल्ड डे रहा। दिन में बादल छाए रहने से भोपाल सहित कई जिलों में दिन का पारा ज्यादा नहीं बढ़ा। इससे रात के साथ दिन में भी बर्फीली हवाएं लोगों को सताती रहीं।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से अब अगले सप्ताह में फिर सर्दी जोर पकड़ेगी। इस बीच तीन से चार दिन कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत रहेगी।

**पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से अगले सप्ताह प्रदेश में फिर बढ़ेगी सर्दी, बीच में होगा तीन से चार दिन का अंतराल**

**5 जिलों में 4 से 7 डिग्री पर पारा, सबसे कम शहडोल में 4.3 और भोपाल में 7 डिग्री रहा**




### 27 जिले में 11 डिग्री से नीचे

रविवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा 5 जिलों में 4 से 7 डिग्री के बीच रहा। इनमें शहडोल 4.3, नर्मदापुरम 5.4, उमरिया 6.1, मंदसौर 6.3 और राजगढ़ 6.6 डिग्री रहा। कुल 27 जिलों में रात का पारा 11 डिग्री से कम रहने से कड़ाके की सर्दी का दौर रहा। इन जिलों में पश्चिमी मप्र के 14 और पूर्वी प्रदेश के 13 जिले शामिल रहे।

### बादल छाए, पारा ज्यादा नहीं बढ़ा

भोपाल, इंदौर, दतिया, धार, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में सुबह से दोपहर तक हल्के बादलों का असर रहा। इससे दिन के तापमान में ज्यादा बढ़त नहीं रही। इन जिलों में दिन का पारा एक से दो डिग्री तक बढ़ा। शिवपुरी में 3.8 डिग्री और सिवनी में 2.8 डिग्री की बढ़त रही।



गीता का पाठ करते साधु-संत

'पंच लाखों कंठे गीता पाठ' नाम से किया आयोजन

# कोलकाता में पांच लाख लोगों ने एक साथ किया गीता का पाठ मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत भी रहे शामिल

इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अग्निमित्रा ने कहा- गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों को देगी ज्ञान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं, साधुओं और साध्वियों ने कोलकाता के प्रसिद्ध ब्रिगेड परेड मैदान में विशाल भगवद गीता पाठ में हिस्सा लिया। भगवा वस्त्र पहने साधु एक साथ गीता की प्रतियों से श्लोक पढ़ रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।'पंच लाखो कंठे गीता पाठ' नाम से आयोजित यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति संसद की ओर से कराया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत शामिल हैं। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए है।

### धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को याद करना और धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इसे राज्य ही नहीं, शायद देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ माना जा रहा है। कार्तिक महाराज ने कहा, विभाजन के माहौल में आध्यात्मिक साधना शांति और दिशा दे सकती है।





कोलकाता में गीता पाठ कार्यक्रम में शामिल लाखों लोग। ब्रिगेड परेड मैदान में साधु-संतों ने जगाई अलख।

### कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी ने किया

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन मेडिकल सेवाओं की विस्तृत व्यवस्था की गई है। 3 बड़े मंच बनाए गए हैं और कोलकाता के मध्य क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।आध्यात्मिक कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज कर रहे हैं, जबकि योग गुरु बाबा रामदेव सहित कई प्रमुख साधुओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन तब हो रहा है, जब एक दिन पहले हमायूं कबीर ने 'बाबरी मस्जिद-शैली' की मस्जिद की आधारशिला रखी। दिसंबर 2023 में 'एक लाख कंठों' का गीता पाठ आयोजित किया गया था। यह लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित किया गया था।

### तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए: संजय



शिवसेना नेता संजय निरुपम ने चेतावनी जारी की। इस तरह के कदम चुनावी माहौल को और संवेदनशील बना सकते हैं। 'एक्स' पर संजय निरुपम ने बंगाल में जो लोग बाबरी मस्जिद बना रहे हैं, वे आग से खेल रहे हैं। भगवान राम और आक्रमणकारी बाबर को एक तराजू पर नहीं तौला जा सकता। जब हिंदू भावनाएं भड़केंगी तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए। ममता बेनर्जी समय रहते इस आग को बुझाएं, वरना उनकी पार्टी भी इसके लपेटे में आ जाएगी।

हुमायूं कबीर का ऐलान

### एक लाख लोगों के साथ हम करेंगे कुरान का पाठ



टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि वे फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' (कुरान का पाठ करना) का आयोजन करेंगे। इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को मांस और चावल का भोज देंगे। इसके बाद बाबरी मस्जिद को बनाने का काम शुरू होगा।

#### एआईएमआईएम के साथ लड़ेंगे चुनाव

कबीर ने कहा कि वह 22 दिसंबर को अपनी पार्टी बनाएंगे और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री की हुंकार

## भारत में हम तनानती नहीं, सनातनी चाहते हैं



इस गीता पाठ में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता इस देश और विश्व के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। भारत में हम सनातनी चाहते हैं, तनातनी नहीं। शास्त्री ने कहा कि बंगाल की पावन धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। आस्था का उत्साह और सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता ही इस देश और विश्व शांति का बड़ा माध्यम है। भारत में हम 'गजवा-ए-हिंद' नहीं, 'भगवा-ए-हिंद' चाहते हैं। गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसके माध्यम से पूरे विश्व में सामाजिक समरसता और एकता का भाव जागृत किया जा सकता है। गीता का ज्ञान महान है। गीता भारत की शान है और गीता ही भारत का स्वाभिमान है।

### हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता

हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। अगर हमारे मंदिर बनने पर कोई टिप्पणी करता है, तो अहंकार उजागर हो जाएगा।

### आज बंगाल काम करने के लिए तैयार: राज्यपाल



राज्यपाल सीवी आनंद बोस सामूहिक गीता पाठ के आयोजन पर उपस्थित हुए। उनके मुंह से गीता के शब्द सुनाई दिए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने बार-बार अर्जुन से कहा कि अर्जुन अपना काम करो और आज बंगाल काम करने के लिए तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि जब युवा पीढ़ी के लोग गीता का पाठ करना चाहते हैं, तो यह राष्ट्रीय गौरव का विषय बन जाता है।

पीएम ने की योगदान की अपील

## जवानों के साहस, बलिदान को किया नमन, उनसे देश प्रेरणा ले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को सैन्य झंडा दिवस के अवसर पर देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सैन्य झंडा दिवस कोष में योगदान की अपील की। यह कोष युद्ध में घायल हुए सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैन्य झंडा दिवस पर हम उन



पीएम को बैज लगाता सैनिक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को सलाम किया। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों की निस्वार्थ सेवा देश की सुरक्षा का आधार है और राष्ट्र उनका ऋण कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे कोष में योगदान करें, ताकि जवानों और उनके परिवारों को मजबूत सहयोग मिल सके। रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने भी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को शुभकामनाएं दीं और देश की सुरक्षा में उनके योगदान को सराहा। इसी प्रकार रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी नागरिकों से कोष में सहयोग करने का आग्रह किया।



देश जवानों का ऋण कभी नहीं चुका सकता: राजनाथ



## 5 दिवसीय भारत दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर

# रणनीतिक साझेदारी को करेंगी मजबूत, तकनीकी सहयोग पर होगा जोर

एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसंबर तक भारत के दौरे पर रहेंगी।


एलिसन हूकर

अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है। इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। वह विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ 'फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

**व्यापार, रक्षा एआई और उभरती तकनीकों पर होगा ध्यान**

**इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर होगी चर्चा**

### दोनों देशों ने आतंकवाद पर सख्ती दोहराई

*हुकर के दौरे से पहले 3 दिसंबर को भारत-अमेरिका संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक और 7वीं डेजिग्नेशन डायलॉग में दोनों पक्षों ने आईएसआईएस, अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके समर्थकों और सहयोगियों पर संयुक्त राष्ट्र के 1267 प्रतिबंध सूची में और नाम जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों देशों ने पहलगाम (22 अप्रैल) और दिल्ली के लाल किला क्षेत्र (10 नवंबर) में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को सजा मिलनी चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकार का समर्थन नहीं मिलना चाहिए।*

### इसरो का करेंगी दौरा, कई मुद्दों पर होगा मंथन

नई दिल्ली के बाद हूकर बेंगलुरु जाएंगी, जहां भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा करेंगी और भारत के अंतरिक्ष व तकनीकी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच अनुसंधान, नवाचार और ऊर्जा क्षेत्र में संभावित नए सहयोग पर चर्चा होगी। बयान में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं के तहत यह दौरा 'मजबूत भारत-अमेरिका साझेदारी' और 'मुक्त व खुले इंडो-पैसिफिक' की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है।

**व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी बोलीं**

## पुतिन से मोदी की वार्ता भारत का संतुलित कदम

व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी लिसा कर्टिस ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वागत का भारत का निर्णय मॉस्को और वाशिंगटन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने का सो समझा प्रयास है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब व्यापार शुल्क और नीतिगत बदलाव को लेकर अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव है।


लिसा कर्टिस

### आमंत्रण के पीछे अमेरिकी-पाक संबंध

कर्टिस के अनुसार, नई दिल्ली की कूटनीतिक रणनीति को वाशिंगटन के साथ हाल के टकरावों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। मई में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद अमेरिका द्वारा 50% टैरिफ लगाए जाने और पाकिस्तान की ओर झुकाव के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में जो गिरावट देखी गई है, उसी के कारण भारत ने राष्ट्रपति पुतिन को आमंत्रण दिया। इस तरह के किसी भी सहयोग के द्विपक्षीय संबंधों से कहीं आगे तक निहितार्थ हैं। रूस के चीन के साथ बहुत घनिष्ठ संबंध हैं।

***अफ्रीकी-अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन का दावा***


मैरी मिलबेन

## पीएम मोदी मौजूदा समय के जियो पॉलिटिक्स में सबसे प्रभावशाली नेता

अफ्रीकी-अमेरिकी सिंगर और लंबे समय से भारत की प्रशंसक मैरी मिलबेन ने पीएम नरेंद्र मोदी को आज की भू-राजनीति में सबसे प्रभावशाली और सबसे महत्वपूर्ण नेता बताया है। उन्होंने कहा कि यह तथ्य है, इसे नकारा नहीं जा सकता। पीएम मोदी ने भारत को और खुद को वैश्विक राजनीति के केंद्र में पहुंचा दिया है। पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक ने भारत की वैश्विक स्थिति को ज्यादा मजबूत किया है। मोदी-पुतिन वार्ता दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी और लंबे समय से चले आ रहे भरोसे को दर्शाती है।

### मोदी ने संतुलन और रणनीतिक सूझबूझ दिखाई

*मिलबेन ने कहा कि ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक सहयोग जैसे संवेदनशील मामलों पर पीएम मोदी ने बेहद संतुलन और रणनीतिक सूझबूझ दिखाई। उन्होंने कहा कि पुतिन की प्राथमिकता तेल और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना था।*

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में 125 प्रमुख सीमा परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# सीमा सुरक्षा होगी मजबूत, वर्ष भर आवाजाही रहेगी, आखिरी छोर तक मिलेगी कनेक्टिविटी

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लद्दाख से सीमा सड़कों संगठन (बीआरओ) की 125 रणनीतिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। यह एक ही समय में उद्घाटित की गई सबसे अधिक परियोजनाएं हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 4 अन्य परियोजनाएं शामिल हैं, जो दो केंद्र शासित प्रदेशों-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर और सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में फैली हैं।

इन सभी परियोजनाओं को लगभग 5,000 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी मार्ग पर स्थित रणनीतिक श्योक सुरंग का उद्घाटन रहा। 920 मीटर लंबी यह कट-एंड-कवर सुरंग दुनिया के सबसे कठिन क्षेत्रों में बनी इंजीनियरिंग उपलब्धि मानी जा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुरंग अब पूरे वर्ष, खासकर कठोर सर्दियों के दौरान, सुरक्षित और भरोसेमंद आवाजाही सुनिश्चित करेगी। इससे दूरस्थ गांवों और अग्रिम सैन्य चौकियों तक आखिरी छोर की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और सुरक्षा व त्वरित तैनाती क्षमता में बड़ा सुधार आएगा।

*राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सीमा इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल सुरक्षा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़कें, सुरंगें, स्मार्ट फेंसिंग, एकीकृत कमांड केंद्र और निगरानी प्रणालियां देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं*

**सभी परियोजनाओं की लागत लगभग 5,000 करोड़**

**सुरक्षा व त्वरित तैनाती क्षमता में बड़ा सुधार आएगा**


सभी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### रक्षा उत्पादन बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन, जो 2014 में 46,000 करोड़ था, अब बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा निर्यात भी 1,000 करोड़ से बढ़कर लगभग 24,000 करोड़ पहुँच गया है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है।

### गलवान युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

रक्षा मंत्री ने समारोह में गलवान युद्ध स्मारक का वर्चुअल उद्घाटन भी किया, जो गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों के अप्रतिम साहस और बलिदान को समर्पित है। बीआरओ को तेजी और कुशलता से जटिल परियोजनाएं पूरी करने के लिए उन्होंने सराहा और कहा कि बीआरओ अब 'संचार' और 'कनेक्टिविटी' का पर्याय बन गया है।

### सड़कें-सुरंग सुरक्षा के स्तंभ

राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सीमा इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल सुरक्षा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन के लिए भी जीवनरेखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़कें, सुरंगें, स्मार्ट फेंसिंग, एकीकृत कमांड केंद्र और निगरानी प्रणालियां देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं।

## पाकिस्तान की सीमा पर फिर 'नापाक' हरकत

# एलओसी पर 68 टेररिस्ट लॉन्चपैड सक्रिय 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

आतंकियों को पनाह देने, उन्हें फंडिंग करने और अपने यहां प्रशिक्षण देने के मामले में पाकिस्तान को भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब कर चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ताजा घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है।


सीमा पर निगरानी करते सुरक्षा बल के जवान — फाइल फोटो

### *सीमा पर नाइट विजन कैमरे, ड्रोन निगरानी बढ़ाई*


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


**खबर संक्षेप**

### सोनम वांगचुक की याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।



सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की याचिका पर यह सुनवाई होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई है और इसे गैर-कानूनी और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है।

### भारतीय सिम पाकिस्तान में आईएसआई चला रही

**जयपुर।** श्रीगंगानगर से पकड़े गए जासूस प्रकाश ने पाक खुफिया एजेंसी के लिए 4 सिम खरीदे थे। उन नंबरों पर आईएसआई की महिला एजेंट ओटीपी हासिल कर वॉट्सएप चलाती थी। फिर उन्हीं भारतीय नंबरों से बॉर्डर एरिया में सेना के जवानों को हनीट्रैप का शिकार बनाती थी। खुफिया एजेंसियों ने मोबाइल खंगाला तो सेना की कई महत्वपूर्ण फोटो-वीडियो एजेंट को भेजे गए थे। वह लगातार एजेंटों से चैट करता था। उसके बैंक खातों में लाखों रुपए के लेनदेन की पुष्टि हुई है।



## सूर्य किरण टीम के करतबों से मंत्रमुग्ध राजकोट



*__राजकोट।__ गुजरात के राजकोट में नगर निगम ने शनिवार को वायु सेना के सहयोग से शानदार एयर शो का आयोजन किया। शहर में पहली बार आयोजित एयर शो में लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। विमानों के करतब देख कर दर्शकों ने दांतों तले उंगली दबा ली। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के करतबों के साथ हुई। विमानों ने अद्भुत कुशलता के साथ आसमान में गोता लगाया, लुढ़कते और हवा को चीरते हुए तेजी से सटीक आकृतियां बनाईं, जिससे दर्शक दंग रह गए। सबसे खास आकर्षणों में एक थी आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम। इनके साहसिक फ्री-फॉल फॉर्मेशन ने दर्शकों का मन मोह लिया।*

***लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर हमला***

## 'पेपर स्प्रे' के बाद मचा हड़कंप कई उड़ानें प्रभावित, एक अरेस्ट


लदन का हीथ्रो एयरपोर्ट — फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर रविवार सुबह पेपर स्प्रे से कई लोगों पर हमला होने के बाद हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने व्यक्ति को हमले के शक में गिरफ्तार कर लिया। हमले के बाद हड़कंप मचने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई और कई उड़ानें प्रभावित हुईं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि यह घटना आतंकवाद से जुड़ी नहीं है और घायलों की चोटें जानलेवा या स्थाई नहीं हैं। हमलावर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन पुलिस का मानना है कि यह आपसी झगड़े का मामला है, जिसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे। मेट पुलिस के बयान के अनुसार, "कुछ लोगों पर कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर पेपर स्प्रे छिड़का और फिर मौके से फरार हो गए। इसके बाद हथियारबंद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हमले के शक में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

### इजराइल-भारत के बीच सहयोग के अनंत अवसर, संबंध बेहद मजूबत

**यरुशलम।** इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यरुशलम में भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को बेहतरीन करार दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी। आईएमईसी परियोजना के बारे में अधिकारी ने कहा कि इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल है।

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में सुबह करीब 11 बजे हुआ हादसा

# पिकनिक मनाने जा रही बस से भृत्य गिरा, पिछला पहिया सिर के ऊपर निकला, मौके पर हो गई मौत, पुलिस ने बस जब्त कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसे में निजी स्कूल के भृत्य की मौत हो गई। दरअसल, स्कूल स्टाफ और पचास बच्चों के साथ भृत्य नरसिंहगढ़ से सांची पिकनिक मनाने जा रहा था। बस के सामने वाले गेट से थूंकने के लिए झुका ही था कि चलती बस से नीचे गिर गया। नीचे गिरने से बस का पिछला पहिया उसके सिर के ऊपर से होता हुआ निकल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कमल जाटव पिता मांगीलाल जाटव (32) नरसिंहगढ़ का रहने वाला था और नरसिंहगढ़ के ही एक प्राइवेट स्कूल में भृत्य था। स्कूल प्रबंधन शनिवार सुबह नरसिंहगढ़ से बच्चों को पिकनिक मनाने के लिए सांची ले जा रहा था। बस में करीब पचास बच्चे और स्टाफ था। स्टाफ पीछे की तरफ बैठा था, जबकि कमल जाटव सामने वाले गेट के पास खड़ा था। बस सुबह 11 बजे बैरसिया स्थित गांव इमलिया नरेंद्र पहुंची थी। कमल ने थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला तो गेट खुल गया। चलती बस में गेट खुलने से वह नीचे गिर गया, जब तक बस का ड्राइवर कुछ समझ पाता। बस का पिछला पहिया कमल जाटव के सिर के ऊपर से होता हुआ निकल गया। इस हादसे में कमल की मौके ही मौत हो गई।

**बस में सामने गेट के पास खड़े कमल ने थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला तो गेट खुल गया और वह नीचे गिर गया**

### दूसरी बस से बच्चों और स्टाफ को पहुंचाया नरसिंहगढ़

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस जब्त कर ली है। इधर, दूसरी बस से बच्चों और स्कूल स्टाफ को नरसिंहगढ़ भेजा गया। पुलिस ने कमल का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव लेकर नरसिंहगढ़ के लिए निकल गए।

### निजी स्कूल की अकाउंटेंट ने फांसी लगाकर दी जान

कोलार थाना क्षेत्र स्थित न्यू ओम नगर में निजी स्कूल की अकाउंटेंट ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने बीमारी के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार न्यू ओम नगर में रहने वाली 27 वर्षीय सुजाता खंडाले मदर टेरेसा स्कूल में अकाउंटेंट थी। शुक्रवार को ही उसका जन्मदिन था और इसी दिन उसने सुसाइड कर लिया। युवती ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। इसके बाद परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार ने सड़क पार कर रहे चौकीदार को मारी टक्कर, मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कलारी के सामने मुख्य सड़क पर रायसेन की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने चौकीदार को टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे के आसपास का है। चौकीदार को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां रात करीब दस बजे डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार महाराज सिंह मीणा (54) गांव कोसाखेड़ी, थाना करारिया, जिला विदिशा के थे। करीब पंद्रह साल से वह भदौरिया फार्म हाउस पर चौकीदारी कर रहे थे और फार्म हाउस में रह रहे थे। शुक्रवार शाम सवा 7 बजे के आसपास वह बिलखिरिया स्थित कलारी के पास से सड़क पार कर रहे थे, तभी रायसेन की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे उछलकर सड़क पर गिरे थे। उनके दोनों पैर टूट गए, जबकि सिर और जबड़े में भी गंभीर चोट थी। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

चोट अधिक होने के कारण इलाज के दौरान रात करीब दस बजे उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद उनका बेटा दशरथ सिंह मीणा गांव से भोपाल पहुंच गया था। शनिवार को शव पीएम के बाद दशरथ को सौंप दिया गया है। उनकी पत्नी की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में महाराज सिंह मीणा का केवल बेटा दशरथ है।

सीएम डॉ. यादव ने कहा- महापुरुषों के नाम पर भोपाल में विभिन्न मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार

# राजधानी में विभिन्न मार्गों पर बनने वाले द्वार 'विरासत' के साथ विकास को करेंगे जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे। महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था।

राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जाएगा। भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शनिवार को समत्व भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में 'चाय वाला' प्रधानमंत्री और 'गाय वाला' मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगे। राजधानी में निर्मित होने वाले यह भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे। अभिनंदन कार्यक्रम को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

**भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, सम्राट अशोक और विक्रमादित्य के नाम पर होंगे द्वार**


समत्व भवन में सीएम डॉ. यादव उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।

**मुख्यमंत्री ने निर्वाण दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर का किया स्मरण**


सीएम डॉ. यादव का अभिनंदन करते विधायक शर्मा।

## सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगेः सीएम


उद्बोधन देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### 'विकास भी-विरासत भी' के संकल्प को साकार करती मोहन सरकारः विधायक शर्मा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर भेंट सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। रामेश्वर शर्मा ने मोहन सरकार के दो साल बेमिसाल पर कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प को मजबूत रूप से आगे बढ़ाया है। रामेश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के साथ-साथ विरासत संवर्धन को भी नई गति मिली है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने मुख्यमंत्री को 13 दिसंबर को फंदा में बनने वाले वीर विक्रमादित्य स्वागत द्वार के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वागत द्वार इतिहास व संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार

## महिलाएं लोकतंत्र को सही दिशा में ले जाने में समर्थः खंडेलवाल


परांजपे का अभिनंदन करते हेमंत व पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे को पदभार ग्रहण कराकर संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लेकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है। महिलाएं अब जागरूक हैं, वह अच्छी तरह से समझती हैं कि लोकतंत्र किस दिशा में जाना चाहिए। महिलाएं अब किसे वोट देना है, यह स्वयं निर्णय करती हैं। वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा और इसके बाद लोकसभा चुनाव के साथ हाल ही में बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने भाजपा की जीत को आसान बना दिया। महिला कार्यकर्ता मध्यप्रदेश के हर घर तक भाजपा के कार्यों को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। फर्जी व बाहरी मतदाता चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान दें। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने कहा कि अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का महिला मोर्चा अपने संगठनात्मक कार्यों में इतिहास रचेगा।

### एसआईआर का कार्य भारत माता की पूजा की तरह

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने पदभार संभालने के बाद अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर का कार्य भारत माता की पूजा की तरह है। मध्यप्रदेश में इस समय एसआईआर का कार्य चल रहा है। महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्य में सहयोग करें, ताकि एक भी सही मतदाता वंचित न रहने पाए।

## हाइवा वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कोंडागांव जिले के बनियागाव में रविवार की दोपहर को एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने सामने से आ रही एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में जहां बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं, घटना के बाद से हाइवा चालक मौके से फरार हो गया, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कोंडागांव जिले के बनियागाव नेशनल हाईवे 30 पर हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार हाइवा की बाइक के साथ टक्कर हो गई, इस घटना में बाइक सवार युवक व पीछे बैठी बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को आसपास के लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। जहां पर दोनों घायलों की हालत नाजुक बताया जा रहा है। वहीं, दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद हाइवा वाहन लेकर फरार हो गया, पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

जशपुर में कटनी-गुमला नेशनल हाइवे 43 की घटना, पुलिस कर रही जांच

## खड़े ट्राले से जा टकराई तेज रफ्तार कार, पांच की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कटनी-गुमला नेशनल हाईवे नंबर 43 पर देर रात हुए भीषण हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहलाकर रख दिया है। दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली में एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रेलर में जा घुसी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच युवकों की मौके पर मौत हो गई। घटना में शामिल कार तेज रफ्तार में थी और सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से सीधे टकरा गई। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। दुलदुला थाना प्रभारी केके साहू ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक सभी खटंगा गांव (दुलदुला क्षेत्र) के निवासी थे। मृतकों की पहचान राधेश्याम यादव 26 वर्ष पिता रामप्रसाद यादव, उदय कुमार चौहान 18 वर्ष पिता कृष्ण चौहान, सागर तिर्की 22 वर्ष पिता रफेल तिर्की अंकित तिग्गा 17 वर्ष पिता दिलीप तिग्गा और दीपक प्रधान 19 वर्ष पिता अमर प्रधान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सभी युवक आस्ता थाना क्षेत्र के एक मेले से वापस लौट रहे थे। रास्ते में अचानक यह दर्दनाक हादसा हो गया। मृतक राधेश्याम यादव के बड़े भाई महेश्वर यादव ने बताया कि सभी दोस्त देर रात तक साथ थे और घर की ओर लौटते समय यह दुर्घटना हुई। वहीं मृतक दीपक प्रधान अपने परिवार का इकलौता सहारा था, जिसकी मौत से घर पर मातम पसर गया है। पोस्टमार्टम और कानूनी प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। हादसे की वजह कार चालक की तेज रफ्तार मानी जा रही है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## कैश वाहन से बदमाशों ने की लाखों रुपए की लूट

**आरोपियों की तलाश जारी, सीसीटीवी खंगला रही पुलिस**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कुम्हारी थाना क्षेत्र में कैश वाहन से अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपये की लूट की वारदात की।

पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपियों की तलाश जारी है। शनिवार देर शाम कपसदा गांव स्थित गोयल स्कूल के पास बाइक सवार युवकों ने सड़क पर दुर्घटना का बहाना बनाकर कैश वैन रुकवाई और 14.60 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर पूरे मामले की जांच में जुटी है और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

## हमर राज पार्टी जिलाध्यक्ष की कार जलाने वाले गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



सुपारी लेकर हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष की कार में आग लगाने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों को आज पुलिस ने शहर में पैदल मार्च कराते हुए कोर्ट पेश किया। बता दें कि घटना एक दिसंबर की रात की है, जब बुढ़ापारा वार्ड क्रमांक 20 पाररास निवासी देवेंद्र साहू की कार को अज्ञात लोगों ने उनके घर के भीतर खड़ी स्थिति में आग के हवाले कर दिया था। मामले की शिकायत पर थाना बालोद में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि जेल में बंद अश्वनी डडसेना ने पत्रकार देवेंद्र साहू को नुकसान पहुंचाने के लिए सुपारी दी थी। बताया जा रहा है कि डडसेना ने फैजान नामक आरोपी को सुपारी देकर कहा था कि देवेंद्र साहू को जान से मार दो, और इस काम में उसकी पत्नी, ग्राम अंगारी सरपंच ममता डडसेना की भी भूमिका रही। पूरे मामले में पुलिस ने अनिकेत मेश्राम, सूरज रंगारी, दानेश्वर साहू, मोहम्मद फैजान और अभिषेक चौरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, मोबाइल और कपड़े जब्त किए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर और सांसद शर्मा ने किया महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण

# बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल का संघर्षमयी जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बुन्देलखण्ड महाराजा छत्रसाल की कर्मभूमि रहा है। भारत के कण कण में शंकर की भांति पन्ना के कण कण में हीरा की किवदंती प्रासंगिक है। इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी अवसर पर हमें सच्चे देशभक्त बनने का मजबूत संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मुगल साम्राज्य के विरूद्ध अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखाया। यह बात विधानसभा अध्यक्ष सिंह तोमर ने शनिवार को पन्ना नगर के धरम सागर तालाब परिसर में महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विस अध्यक्ष का तलवार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

**सच्चे देशभक्त बनने का सभी को लेना चाहिए संकल्प**


अष्टधातु प्रतिमा के अनावरण का दृश्य।

### प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण

*तोमर ने कहा कि बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की राजधानी एवं हीरा, तालाब और मंदिरों की नगरी पन्ना में प्राचीन व ऐतिहासिक धरम सागर तालाब के किनारे छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगरवासी भी साक्षी बनकर उत्साहित हैं। मप्र के ऐतिहासिक स्थान के रूप में मान्यता प्राप्त पन्ना भगवान जुगल किशोर की पावन स्थली तथा महाराजा छत्रसाल के गुरु प्राणनाथ की तपस्थली भी है। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि महाराजा छत्रसाल के संघर्ष को निरंतर स्मरण करने का अवसर भी है। सांसद ने कहा कि आईकोनिक सिटी खजुराहो की भांति पन्ना नेशनल पार्क और मंदिरों में भी पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हुआ है। पन्ना टाईगर रिजर्व पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटक स्थल बनकर उभरा है।*

### सूर्योपासना का प्रथम रविवार रहा आध्यात्मिक उत्सव

# आदित्य हृदय में सूर्यदेव 'शत्रुघ्न', रविवार को सूर्यवार बताकर ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी ने समझाया महत्व

**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर, मढ़ाताल में पौष मास के अवसर पर विश्वकल्याणार्थ चल रहे मास पर्यन्त सूर्योपासना अनुष्ठान का प्रथम रविवार विशेष अध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति-भाव से ओत-प्रोत रहा। तड़के से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में मठ में पहुंचकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। अनुष्ठान का शुभारंभ ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज ने भगवान सदाशिव के महारूद्राभिषेक के साथ किया। जल, दुग्ध, मधु, पंचामृत और सुगंधित द्रव्यों से संपन्न अभिषेक के दौरान वैदिक ब्राह्मणों द्वारा उच्चारित मंत्रों ने वातावरण को पूरी तरह पवित्र और दिव्य बना दिया। इसके बाद भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित किया गया तथा पाटल्य पुष्पों से विधिवत सहस्त्रार्चन संपन्न हुआ। सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से सूर्यदेव को नमन कर पुण्यलाभ प्राप्त किया।



### रोगमुक्त और दीर्घायु बनाता है व्रत

ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि रवि का पर्यायवाची स्वरूप ही सूर्य है, अतः रविवार को सूर्यवार कहा गया है। यह दिवस विशेष रूप से सूर्यदेव को समर्पित है। सूर्य से संबंधित सभी व्रत, जप, तप और अर्घ्यदान रविवार के दिन सर्वोत्तम फल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि रविवार का व्रत मनुष्य को रोगमुक्त और दीर्घायु बनाता है।

### इसलिए 'शत्रुघ्न' की दी गई संज्ञा

उन्होंने आदित्यहृदय स्तोत्र के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि इस पवित्र स्तोत्र में भगवान सूर्य को 'शत्रुघ्न' कहा गया है। अर्थात सूर्यदेव सभी प्रकार के शत्रुओं, बाधाओं और नकारात्मक शक्तियों का नाश करते हैं। पौष मास में इसका पाठ विशेष रूप से कल्याणकारी माना गया है और प्रतिदिन इसका स्मरण मन और शरीर को ऊर्जा से भर देता है।

### सूर्योपासना का लिया संकल्प

पूरे अनुष्ठान के दौरान भक्तों में अद्भुत आध्यात्मिक उत्साह देखने को मिला। विशेष रविवार होने के कारण कई श्रद्धालुओं ने पौष मास भर प्रतिदिन सूर्योपासना, अर्घ्यदान और आदित्यहृदय स्तोत्र का संकल्प भी लिया। मठ परिसर में घंटों तक भजन, मंत्रोच्चार और दीपधारा का क्रम चलता रहा।

### एक माह निरंतर चलेगा आयोजन

मठ प्रबंधन ने बताया कि पौष मास के शेष दिनों तक प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्योपासना, स्तोत्र-पाठ और सहस्त्रार्चन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी श्रद्धालुओं को सहभागी बनने का आमंत्रण दिया गया है।

### यह रहे उपस्थित

पूजन-अनुष्ठान में डॉ. संजय मिश्रा, नीता पटेल, मधु यादव, आलोक तिवारी, रजत खम्परिया, शशांक मिश्रा, श्वेता सिंह, डॉ. गुड्डा रुसिया, अदम्य वाजपेई, नेहा तरुण कटहल, मुक्ता वसुंधरा पाण्डेय, गोविंद साहू, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दो दर्जन से अधिक लोग बैठे भूख हड़ताल पर

### अन्न त्यागने वाले प्रमोद साहू का वजन गिरा



सिहोरा जिला आन्दोलन आर पार की लड़ाई बना

**सिहोरा-** सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग अब निर्णायक संघर्ष में बदल चुकी है और जहां रविवार को पूज्य सिंधी समाज सहित कांग्रेस पार्टी के करीब दो दर्जन लोग क्रमिक अनशन पर बैठे वहीं शनिवार से अन्न त्याग सत्याग्रह प्रारम्भ करने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू का वजन भी गिरने लगा है लेकिन जिला के लिए संघर्ष करने वालों के हौसले अब भी अडिग हैं।

### वजन गिरा, ब्लड प्रेशर सामान्य से ऊपर हुआ

पिछले 24 घंटे से अन्न त्याग अन्न सत्याग्रह कर रहे पूर्व प्रचारक साहू का वजन 1.35 किलोग्राम कम हो गया वही ब्लड प्रेशर सामान्य से बढ़कर 179/108 पर पहुंच गया। सत्याग्रही साहू के गिरे स्वास्थ्य से सिहोरा वासियों की चिंता बढ़ गई है। पुराने बस स्टेंड में चल रहा लक्ष्य जिला समिति का सर्वदलीय आन्दोलन अब किसी एक पार्टी या समाज का नहीं बल्कि पूरे सिहोरा जिले का आंदोलन बन चुका है। 9 दिसम्बर को दोपहर 11 बजे बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, मझौली आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों से सिहोरा पहुंचने का आव्हान भी लगातार किया जा रहा है।

### समिति की अपील हम सभी सिर्फ सिहोरा वासी

आंदोलन समिति ने सोशल मीडिया में अपील की कि इस आंदोलन में न भाजपा न कांग्रेस—न गांव, न शहर सिर्फ एक पहचान है—सिहोरा वासी सभी दलों,समाजों और वर्गों के लोग राजनीतिक पहचान छोड़कर सिहोरा जिला की मांग पर एकजुट नजर आवें।समिति ने आज तक किसने क्या कितना किया इन आरोप प्रत्यारोप से ऊपर एकजुटता की अपील की। धरना स्थल पर बढ़ती भीड़,अनशनकारियों की बिगड़ती सेहत और व्यापक जनदबाव ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। सिहोरा में हालात तेजी से बदल रहे हैं और पूरा इलाका निर्णायक घड़ी की ओर बढ़ चुका है।

### पांचवें जत्थे में ये बैठे क्रमिक अनशन पर

पांचवें जत्थे में पूज्य सिंधी समाज के जय कुमार भोजवानी, राजकुमार कारडा,राजकुमार जय सिंघानी,किशन जानवानी, रमेश सहजवानी पिंकी, दिलीप जौहरवानी,रमेश पारवानी,करतार भागवानी,लखन बाधवानी,मुकेश जानवानी एंव कांग्रेस से पार्षद राजेश चौबे,ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल,अमोल चौरसिया,बाबा कुरैशी,सुशील काछी, ,मगन लाल कोल,सीताराम कुशवाहा,रामचरण कुशवाहा,अंबिका पटेल,रामनरेश यादव,राजेश पटेल,शिवकुमार गर्ग, जितेन्द्र तिवारी,इस्लाम खान,शंशाक विश्वकर्मा,राजभान पटेल,पल्लू महाराज आदि भूख हड़ताल पर बैठे।

### विजय अजाक्स के ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त



**सिहोरा।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर जी के परि निर्माण दिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन बीआरसीसी भवन में किया गया जहां सर्वे प्रथम बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक विजय बैगा को अजाक्स संघ का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आयोजन में अजाक्स के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह टेकाम,धीरेंद्र सिंह,तहसील अध्यक्ष

सुरेंद्र महोबिया,अनिल दहिया,मनोज कोरी,दिलीप मार्को,,गोपाल महोबिया, के पी दीवान, राम सुजन दाहिया, शेष राम धुर्वे, संतोष बैगा, गुड्डा बैगा, सेवालाल बैगा मझौली, सुरेश बैगा, मोती लाल बैगा, दादू राम बैगा,श्याम चौधरी,बसंत बैगा आदि उपस्थित थे।

# उपजेल में एड्स दिवस पर हुआ जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम

**सिहोरा।** विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अंतर्गत जागृति युवा मंच समिति सब जेल सिहोरा में एचआईवी एवं सिफलिस जागरूकता तथा स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 79 बंदियों की जाँच की गई और सभी रिपोर्ट नॉन-रिएक्टिव रहीं। परियोजना प्रबंधक मनीषा पटेल ने एच आई वी,ए आई डी एस संबंधी सही जानकारी व भेदभाव न करने पर जोर दिया जबकि पीयर अब्दुल सत्तार और तुषार ने जागरूकता के महत्वपूर्ण संदेश साझा किए। जेल इंटरवेंशन नितेश लखेरा ने एच आई वी संक्रमण से जुड़ी भ्रांतियाँ दूर कीं और जेलर दिलीप नायक ने एक्ट 2017 के तहत गोपनीयता व समान अधिकारों पर बल देते हुए स्क्रीनिंग की अनुमति दी। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा बन्दियों को बैडमिंटन किट भेंट की गई। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट रोशनी गौर,जय किशन केवट, काउंसलर आयुषी ताम्रकार,आउटरीच स्टाफ प्रेमशंकर पनोरिया,नितेश शाहू,समाज सेविका आयुषी साहू सहित पूरी टीम की उपस्थिति रही।




# 8 लाख के माल से लोड वाहन चोरी

**रांझी जल शोधन संयंत्र में वारदात**

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत जल शोधन संयंत्र में खड़े एक बोलेरो कैम्पर वाहन को लोड सामग्री सहित चोर देर रात ले भागे, इस वाहन में करीब 8 लाख रुपये का माल लोड था. एक कन्सट्रक्शन कंपनी द्वारा अमृत जल परियोजना के तहत यहां काम किया जा रहा था, इसी कंपनी का वाहन चोर ले भागे रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अद्रिका कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पनेहरा से रांझी तक अमृत जल परियोजना की पाईप लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है. कंस्ट्रक्शन कंपनी का महेन्द्रा बुलेरो कैम्पर वाहन शाम 6 बजे काम बंद होने के बाद रांझी जल शोधन शंयंत्र के पास यह वाहन खड़ा कर दिया गया था, इस वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 9234 में 4 बेल्डिंग मशीन, एक बैरल में 50 लीटर डीजल, वायर एवं अन्य सामग्री जिसकी कीमत 8 लाख रूपये बताई जा रही है लोड था. रात में अज्ञात चोर वाहन को चोरी कर ले गये. साईट इंजीनियर अभिनव काव की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कलचुरी फैमिली ने पायली में किया कल्चर आयोजन

**जबलपुर।** विगत दिवस कलचुरी फैमिली द्वारा पायली मे कल्चर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने अंताक्षरी, गीत संगीत व अन्य खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलचुरी फैमिली के रवींद्र शशि चौकसे, राजेन्द्र सीमा राय, श्री चंद कल्पना चौकसे, सूर्यप्रकाश निधि राय मिथलेश आशा चौकसे, विद्याशंकर किरण राय, श्याम मनोरमा राय, संदीप प्रीति चौकसे, कौशलेंद्र कल्पना महाजन,राजेश पप्पू जायसवाल, राजीव, चौकसे, संजय रोजी महाजन, सुरेंद्र जयश्री, रामजस कृष्णा चौकसे, राजेंद्र मंजू राय करेली वाले, ध्वनि चौकसे, संस्कृति राय आदि ने जोरदार ढंग से मिलन समारोह मनाया



# आनंद का अनुभवः भंवरताल गार्डन का फाउंटेन ट्रायल शुरू

**जबलपुर।** शहर के सौंदर्य और नागरिकों के आकर्षण का केंद्र, भंवरताल गार्डन में बहुप्रतीक्षित फव्वारे (फाउंटेन) का ट्रायल सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। इस शानदार पहल से जल्द ही गार्डन की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे और यह स्थान नागरिकों के लिए 'आनंद की अनुभूति' का केंद्र बन जाएगा।

### निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

नगर निगम आयुक्त, राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं मौके पर उपस्थित होकर फाउंटेन के ट्रायल कार्य का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरिंग और उद्यान विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फव्वारा अपनी पूरी भव्यता के साथ कार्य करे।

### जल्द ही होगा आम जनमानस को समर्पित

निगमायुक्त ने बताया कि ट्रायल सफल रहा है और अब पूरी तैयारी की जा रही है कि एक से दो दिन के भीतर ही इस आनंद की अनुभूति को आम जनमानस के लिए समर्पित कर दिया जाए।



भंवरताल गार्डन का यह फव्वारा सिर्फ एक जल संरचना नहीं, बल्कि शहर के नागरिकों के लिए सुकून, सौंदर्य और सकारात्मक ऊर्जा का नया स्रोत बनने जा रहा है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि फाउंटेन शुरू कराने का उद्देश्य शहर के प्रमुख स्थानों को और अधिक आकर्षक बनाना है ताकि नागरिक यहां आकर शांति और आनंद महसूस कर सकें। भंवरताल गार्डन का यह नया स्वरूप निश्चित रूप से जबलपुर की सुंदरता को बढ़ाएगा। जैसे ही यह फाउंटेन आम जनता के लिए खुलेगा, गार्डन में आने वाले लोगों को एक अद्भुत और मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य देखने को मिलेगा। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त के साथ उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# खरीदी केंद्रों में पहुंचे बारदाना, तुलाई आज से

बरेला

शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से उनकी फसल खरीदने के लिए परिक्षेत्र के राय वेयरहाउस और शिवांशी वेयरहाउस में धान खरीदी केंद्र बनाए गए हैं इन खरीदी केदो में शासन द्वारा नियुक्त सहकारी समिति पिंडरई के द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी जावेगी। इन खरीदी केदो में शनिवार को 30-30 बंडल पुराने वारदाने सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन द्वारा भेजे गए हैं। शासन द्वारा निर्धारित तिथि से अभी तक इन वेयरहाउस में खरीदी प्रारंभ नहीं हुई है जिसकी वजह से किसान परेशान हैं। समिति से जुड़े सूत्रों के अनुसार इन वेयरहाउस में सोमवार से खरीदी की जावेगी। शासन के निर्देशानुसार सोमवार से लेकर शुक्रवार तक सप्ताह के 5 दिनों में खरीदी की जावेगी शेष दिनों में परिवहन और तौली गई उपज वेयरहाउस के अंदर रखी जावेगी।

**13 को आयोजित होगी जिले की सबसे बड़ी चित्रकला प्रतियोगिता**

# रानी दुर्गावती के राज्य में जल संरक्षण व्यवस्था पर छात्र-छात्राएं बनाएंगे चित्र

जबलपुर।

गढ़ा मंडला राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में मित्र संघ द्वारा नगर निगम जबलपुर के सहयोग से चतुर्थ वर्ष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिले की सबसे बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन भंवरताल उद्यान में शनिवार 13 नवंबर को प्रातः 8,30 से 9:30 बजे तक होगा। बच्चों को 8:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होना पड़ेगा ।

इस प्रतियोगिता में पिछले वर्ष 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं में भाग लिया था। जबकि इस बार 4000 छात्र-छात्राओं के शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रुप ए में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा गंदगी को हटाना है शहर को संवारना है विषय पर चित्र बनाए जाएंगे वहीं ग्रुप बी में कक्षा नौवीं से 12वीं तक रानी दुर्गावती के राज्य में जल संरक्षण व्यवस्था पर छात्र-छात्राओं द्वारा चित्र बनाए जाएंगे। दोनों ही समूहों में प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 2100 तथा तृतीय पुरस्कार 1100 अलग-अलग समूहों में दिए जाएंगे। वहीं आयोजकों द्वारा सहभागियों के सहयोग से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को दो पहिया वाहन खरीदने पर 5000 रुपए तक की छूट भी दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं से आधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील मित्र संघ की ओर से की गई है।

### आरोपी पर एनएसए की कार्रवाई की मांग

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बरेला टीआई को सौंपा ज्ञापन

**बरेला।** विगत दिनों सागर रहली निवासी मुरारी पांडे द्वारा कुर्मी समाज को अपशब्द एवं गाली गलोज की गई जिसकी विडियो सोशल मीडिया में अपलोड कर वायरल किया गया जिससे समाजिक बंधुओ नेआक्रोश व्यक्त करते हुए एस पी के नाम से टी आई बरेला को ज्ञापन दिया और मांग की अपराधी के विरुद्ध NSA की कार्यवाही की जाए जिसमें उपस्थित दिनेश सिंह पटेल, नरेश पटेल , मुकेश पटेल, अजय पटेल सुरेश पटेल, दीपेश पटेल, परशु पटेल .विजय पटेल, लखन पटेल, जितेंद्र पटेल ,विनोद पटेल, गिरधारी पटेल, गुलाई पटेल, वकील पटेल, जागेश्वर पटेल, सुशील पटेल, मनीष पटेल, रोहिणी पटेल ,दीपचंद पटेल, आदि कुर्मी क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जन एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए।



# आग ढेर पर हो रहे शादी-बारात, बारात घरों की मनमानी चरम पर

### सैय्यद ताहिर अली की जिला कलेक्टर से गुहार

**जबलपुर।** निकाह, विवाह, वलीमा, रिसेप्शन ये ऐसे कार्यक्रम होते हैं जहाँ एक-एक वक्त में हज़ार-हज़ार लोग एक जगह मौजूद होते हैं। यदि कोई हादसा हो जाए तो एक साथ कितनी जानें जा सकती हैं? यह सोचकर ही मेरी रूह काँप जाती है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैय्यद ताहिर अली के कही। उन्होंने आगे कहा, मुस्लिम क्षेत्रों के हों या शहर के दूसरे हिस्सों के, आज बारातघर संचालकों की मनमानी और लापरवाही इतनी बढ़ गई है कि किसी भी खौफ़नाक हादसे की संभावना लगातार बढ़ रही है। श्री ताहिर ने बताया, न अग्निशमन की व्यवस्था है, न लाइटिंग और सजावट में सुरक्षा मानक पूरे हो रहे हैं। एक बार लाइट लगाकर, टेंट लगाकर महीनों तक बिना मेंटेनेंस के खुले आसमान के नीचे कार्यक्रम चलाना सीधे-सीधे एक बड़े हादसे को दावत देने जैसा है। बारातघर वाले करोड़पति हो रहे हैं और आम नागरिक मौत के मुँह की ओर धकेले जा रहे हैं।श्री ताहिर ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में सबसे भ्रष्ट और चौंकाने वाला रवैया नगर निगम और पुलिस प्रशासन का है, वहीं जिला प्रशासन की उदासीनता भी हैरान करने वाली है।

**जिला प्रशासन से गुहार..**श्री ताहिर ने कहा मैं कलेक्टर साहब से अपील करता हूँ। इस दिशा में तत्काल ध्यान दें, वरना जबलपुर शहर किसी ऐसे हादसे का गवाह बनेगा, जिसकी दर्दनाक मिसाल दशकों तक पूरे देश में दी जाती रहेगी।

## निधन

**श्री मनीष झारिया-** भार्गव कम्पाउंड नर्मदा रोड निवासी श्री मनीष झारिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी खीमजी लालन-** पुष्पकुंज कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री खीमजी एच लालन की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी खीमजी लालन (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव-** नेपियर टाउन पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के पास निवासी श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश राजपूत-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री हरी सिंह राजपूत के पुत्र श्री सतीश राजपूत (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मगन लाल देवक-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री मगन लाल देवक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजीव नारायण लाल-** घमापुर चौक रोड निवासी श्री राजीव नारायण लाल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पुलक कुमार माइती-** हर्ष नगर महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री पुलक कुमार माइती (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल कोरी-** खजूरी कला भोपाल निवासी श्री लखन लाल कोरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश अग्रवाल-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री राकेश अग्रवाल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला राजपूत-** द्वारका नगर चुंगी चौकी निवासी श्री सुरेश कुमार राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला राजपूत (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सत्य नारायण सिंह-** अग्रवाल कॉलोनी निवासी श्री सत्य नारायण सिंह (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री द्वारका प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री राजेश चौधरी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय दशरथ सिंह-** कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट कजरवारा निवासी श्री विजय दशरथ सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री व्यास प्रसाद-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री व्यास प्रसाद (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विद्या गौतम-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री कृष्ण कुमार गौतम की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या गौतम (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नर्मदा बेन परमार-** अंडर ब्रिज रोड आमनपुर मदनमहल निवासी श्री लखनसी भाई परमार की धर्मपत्नी श्रीमती नर्मदा बेन परमार (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मालती वर्मा-** वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री बालाराम वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मालती वर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
शादी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# जीरो बैलेंस अकाउंट वाले ग्राहकों की होगी मौज, फ्री में मिलेंगी ढेरों सुविधाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिससे जीरो बैलेंस अकाउंट रखने वालों को खूब मौज आने वाली है। रेगुलेटरी बैंक की ओर से देश के सभी बैंकों को जीरो बैलेंस रखने वाले ग्राहको को काफी सुविधाएं फ्री में देने का आदेश दिया है। आरबीआई ने बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट्स को मिलने वाली फ्री सर्सिवेज का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया है।

जिससे खासतौर पर स्टूडेंट, गरीब आदमी को फायदा होगा। साथ ही आरबीआई ने कहा कि बैंक जीरो खाते को काम चलाऊ न समझें और जो भी सेविंग अकाउंट का धारक व्यक्ति बीएसबीडी के लिए अप्लाई करे उसे 7 दिनों में बैंकिंग की पूरी सुविधाएं मिलेगी। ये नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे।

**नियम 1 अप्रैल 2026 से होंगे प्रभावित, कैश जमा करने व चैक की सुविधा भी मिलेगी**

### ये मिलेंगी सुविधाएं

आरबीआई ने बताया है कि अब नए रूल से ग्राहकों को बिना किसी सालाना चार्ज के एटीएम या एटीएम-कम-डेबिट कार्ड मिलेगा। साल में कम से कम 25 पन्नों वाली चेक बुक, फ्री इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग और फ्री पासबुक या मंथली स्टेटमेंट भी मिलेगा। साथ ही, महीने में कम से कम चार बार पैसा निकालना फ्री होगा। इसके साथ ही डिजिटल पेमेंट जैसे कार्ड स्वाइप, निफ्ट, आरटीजीएस, यूपीआई और आईएमपीएस को इन चार बार की लिमिट में नहीं गिना जाएगा यानी ये सर्विसेज अलग से मिलेंगी।




### पैसे जमा करने की कोई रोक टोक नहीं होगी

*नए नियमों के मुताबिक, हर बीएसबीडी अकाउंट जिन्हें आसान भाषा में जीरो बैलेंस अकाउंट भी कहते हैं। उनमें कैश जमा करने, ऑनलाइन या चेक से पैसा मंगाने की सर्विस मिलेगी। इसके साथ ही, महीने में कितनी भी बार पैसा जमा करना है इस पर भी रोकटोक नहीं होगी। इससे जीरो बैलेंस पर खाता खुलवाने वालों को कोई बैंकिंग चुनौती का सामना नहीं करना होगा।*

### खाताधारकों से भेदभाव नहीं कर पाएंगे

बैंकों ने कहा था कि बीएसबीडी अकाउंट खोलने के लिए ग्राहकों की आय और प्रोफाइल के आधार पर कुछ शर्तें जोड़ी जाएं, लेकिन आरबीआई ने यह प्रस्ताव मानने से इनकार कर दिया। आरबीआई ने साफ कर दिया कि ये खाते सबके लिए और फाइनेंशियल इनक्लूजन यानी ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग से जोड़ने के लिए बनाए गए हैं। इसलिए बैंक बीएसबीडी खाताधारकों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं कर पाएंगे। अब इन ग्राहकों को भी वही सुविधाएं दी जाएंगी, जो बाकी खाताधारकों को मिलती हैं। केवाईसी और माइनर अकाउंट से जुड़े पुराने नियम पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ लाभ





**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 72,284.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टीसीएस और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। इस दौरान भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन बढ़ा।

### फिनो बैंक को एसएफबी में बदलने की मंजूरी




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (एफपीबीएल) को लघु वित्त बैंक (एसएफबी) में परिवर्तित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। फिनो पेमेंट्स बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 अवधि में लघु वित्त बैंक लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। फिनो पेमेंट्स बैंक का संचालन 2017 में शुरू हुआ था।

### यूरोपीय संघ ने मस्क के एक्स पर लगाया जुर्माना



**लंदन।** यूरोपीय संघ के नियामकों ने एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डिजिटल नियमों का पालन न करने के लिए 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया। यूरोपीय आयोग ने यह निर्णय दो साल पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के खिलाफ शुरू की गई जांच के बाद लिया है।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल में रही मामूली गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में जाड़े तथा शादी विवाह के मौसम की मांग के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, एवं बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऊंचे दाम के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लिवाली कमजोर रहने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए।

### विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 11,820 करोड़




**नई दिल्ली।** इस महीने के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 11,820 करोड़ रुपये निकाले। इसका मुख्य कारण रुपये का तेज अवमूल्यन है। नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी के बाद ये तेज बिकवाली हुई है और इससे बाजार पर दबाव बढ़ा है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ रुपये की लिवाली की थी।

### प्रधान ने सेबी के पूर्णकालिक सदस्य का कार्यभार संभाला




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने घोषणा की कि संदीप प्रधान ने उसके पूर्णकालिक सदस्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। नियामक ने एक बयान में कहा कि चार दिसंबर को कार्यभार संभालने वाले प्रधान, बाजार मध्यस्थों, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से संबंधित विभागों, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, निवेशक सहायता और शिक्षा कार्यालय, साथ ही राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के विनियमन और पर्यवेक्षण की देखरेख करेंगे।

## सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में उभरा सोना

# सोने की चमक बरकरार, इस साल अब तक दिया लगभग 67 प्रतिशत रिटर्न: विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 16 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम और चढ़ सकती हैं।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश करना जरूरी है। दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

- सन 2026 में सोने की कीमत पांच से 16 प्रतिशत और चढ़ सकती है
- रुपए और डॉलर की दर में समान या रुपया कमजोर होने पर बढ़त संभव
- इस समय सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर बनी हुई
- एक जनवरी को सोने की कीमत 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम थी

### सोने ने दिया मजबूत रिटर्न

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, "चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक लगभग 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है।

### अस्थिर समय में भरोसेमंद साथी

वहीं भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है।" उन्होंने कहा, "कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉन्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है।"

**वैश्विक कारणों से निवेशक सोने की और हो रहे आकर्षित**

*आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक थॉमस स्टीफन ने कहा, "वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की लगातार चिंताएं और ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने निवेशकों को सोने जैसी सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ओर आकर्षित किया है।*



**कीमत 1.45 से 1.55 लाख रुपए को पार कर सकती है**

*अगले साल के परिदृश्य के बारे में कलंत्री ने कहा, "यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो भारत में सोने की कीमत 1.45 लाख से 1.55 लाख रुपये को पार कर सकती है।" स्टीफन ने कहा, "हमारा अनुमान है कि आने वाले वर्ष में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी, क्योंकि जिन कारणों ने इस साल कीमतों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, उनके अगले वर्ष भी जारी रहने की संभावना है।"*

### निफ्टी में रिटर्न 6.7 फीसदी मिला

अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल के सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल दिसंबर 2025 की शुरुआत में लगभग 6.53 प्रतिशत रहा।

### मुद्रास्फीति चिंता का विषय

सोने की कीमत में आई तेजी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर कलंत्री ने कहा, वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता, डॉलर सूचकांक में कमजोर रुख,मुद्रास्फीति की चिंता और इसके खिलाफ सुरक्षा की आवश्यकता ने निवेशकों के लिए सोने में निवेश को आकर्षक विकल्प बनाया है।

# अमेरिका में महंगाई सितंबर में भी ऊंची बनी रही



एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

- फेड की ब्याज दरों में कटौती की राह आसान हुई
- शटडाउन के कारण रिपोर्ट देरी से आई

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों पर निर्णय लेने के लिए जिस महंगाई सूचकांक पर सबसे ज्यादा नजर रखता है, वह सितंबर में भी ऊंचा बना रहा, लेकिन इसमें बहुत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। इससे अगले हफ्ते फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की राह आसान हो गई है।

वाणिज्य विभाग ने जारी रिपोर्ट में बताया कि सितंबर में मुद्रास्फीति अगस्त की तुलना में 0.3 प्रतिशत बढ़ीं। सरकारी ''शटडाउन'' के कारण यह रिपोर्ट पांच हफ्ते देरी से आई। पिछले महीने भी इतनी ही बढ़ोतरी हुई थी। खाने-पीने और ऊर्जा की अस्थिर कीमतों को हटा दें तो मुद्रास्फीति सितंबर में अगस्त से 0.2 प्रतिशत बढ़ीं। अगर यह रफ्तार साल भर चलती रहे, तो मुद्रास्फीति फेडरल रिजर्व के दो प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगी। पिछले साल की तुलना में सितंबर में कुल कीमतें 2.8 प्रतिशत बढ़ीं, जो अगस्त के 2.7 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है।

### कीमतें और नीचे आएगी


महंगाई अभी भी फेडरल रिजर्व के दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है, इसका एक कारण ट्रंप प्रशासन के शुल्क भी हैं, लेकिन कई अधिकारी मानते हैं कि कमजोर नौकरियां, सुस्त आर्थिक वृद्धि और धीमी मजदूरी वृद्धि आने वाले महीनों में कीमतों को और नीचे लाएगी।

# आरबीआई ने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर किया दो प्रतिशत

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। मुद्रास्फीति के लक्ष्य को लेकर 2016 में लचीली व्यवस्था अपनाये जाने के बाद पहली बार हेडलाइन (खुदरा) मुद्रास्फीति 2025-26 की दूसरी तिमाही में औसतन 1.7 प्रतिशत रही।

यह आरबीआई को दिये गये लक्ष्य के निचले स्तर दो प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो से छह प्रतिशत) रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। यह अक्टूबर 2025 में और भी घटकर केवल 0.3 प्रतिशत पर आ गई जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, 'मुद्रास्फीति में अनुमान से अधिक तेजी से गिरावट खाद्य कीमतों में सुधार के कारण आई। यह सितंबर-अक्टूबर के महीनों के दौरान देखी जाने वाली सामान्य प्रवृत्ति के उलट है। कीमती धातुओं द्वारा निरंतर मूल्य दबाव के बावजूद मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन को छोड़कर सीपीआई मुद्रास्फीति) सितंबर-अक्टूबर में काफी हद तक नियंत्रित रही।'



- रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए किया घोषित
- आरबीआई को मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है

### जिंस की कीमतों में नरमी आने की संभावना

गवर्नर ने कहा कि कुछ धातुओं को छोड़कर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिंस की कीमतों में आगे चलकर नरमी आने की संभावना है। गवर्नर ने कहा, 'कुल मिलाकर मुद्रास्फीति अक्टूबर में लगाए गए अनुमान से कम रहने की संभावना है। इसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में गिरावट है।' इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए मल्होत्रा ने कहा कि 2025-26 के लिए खुदरा (सीपीआई) मुद्रास्फीति अब दो प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# आवास ऋण नौ लाख करोड़ रुपए के पार : एसबीआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और उन्हें भरोसा है कि खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में जारी तेजी से चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहेगी।

आरएएम खंड सितंबर में ही 25 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है। आर्थिक वृद्धि में सुधार को देखते हुए एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए ऋण वृद्धि लक्ष्य को पहले के 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। शेट्टी ने कहा, "हमने ऋण वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। अब यह 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत है। हमें मजबूत ऋण वृद्धि दिख रही है, खासकर आरएएम खंड में। एमएसएमई क्षेत्र में 17-18 प्रतिशत और कृषि तथा खुदरा में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। चेयरमैन ने बताया कि स्वर्ण ऋण में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जबकि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण में दो अंकों की वृद्धि होगी। कुछ समय से सुस्त चल रहा कॉर्पोरेट ऋण खंड भी दूसरी तिमाही में पुनः गति पकड़ता दिखा और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।




- ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहने की उम्मीद

**ब्याज दर घटने से ऋण सस्ते होंगे**

*शेट्टी ने कहा, "कॉर्पोरेट ऋण के लिए हमारा अनुमान निचले दो अंकों में है। इस तरह कुल मिलाकर 12-14 प्रतिशत ऋण वृद्धि हासिल करना पूरी तरह संभव है। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 25 आधार अंक की और कटौती से ऋण सस्ते होंगे और नई मांग को बल मिलेगा।*

# भारत-रूस के बीच यूरिया संयंत्र लगाने समझौता



**नई दिल्ली।** भारत की तीन उर्वरक कंपनियों आरसीएफ, आईपीएल और एनएफएल ने रूस की कंपनी यूरालकेम के साथ 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) की अनुमानित लागत से एक नया यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

रूस के किसी शहर में लगने वाले इस संयंत्र की सालाना क्षमता 20 लाख टन होगी और इसके 2028 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है। भारत यूरिया का शुद्ध आयातक है और इस समझौते से उसे सुरक्षित और निश्चित आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

# फेड के फैसले से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर संबंधी फैसला इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के रूझान तय करने वाला प्रमुख कारक होगा। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक गतिविधियां और विदेशी निवेशकों का रुख भी बाजार की भावना को प्रभावित करेगा।

पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में सुस्ती रही, जहां प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिना किसी खास बदलाव के बंद हुए।



- एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा
- पिछले सप्ताह शेयर बाजार में रही सुस्ती

रिलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार 12 दिसंबर को आने वाले भारत के सीपीआई आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर ध्यान रहेगा, जो उभरते बाजारों की जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक रुपये की चाल पर भी नजर रखेंगे, जो पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे चली गई थी।

## नाल्को जून 2026 तक पोटांगी बॉक्साइट खदान करेगा शुरू



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) अगले साल जून तक ओडिशा में अपनी पोटांगी बॉक्साइट खदान शुरू करने की योजना बना रही है। इससे कंपनी को खनन क्षमता बढ़ाने और एकीकृत एल्यूमिनियम कारोबार के विस्तार का लक्ष्य पूरा करने में मदद मिलेगी। पोटांगी बॉक्साइट खदान के विकास और संचालन के लिए दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड एल-1 बोलीदाता चुनी गई है। नाल्को के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि अगले साल जून तक खदान शुरू हो जाएगी। कंपनी ओडिशा के कोरापुट जिले में दामनजोडी रिफाइनरी में एल्यूमिना उत्पादन क्षमता बढ़ाने जा रही है। नाल्को अभी इस जगह पर 22.75 लाख टन सालाना क्षमता वाली एल्यूमिना रिफाइनरी चला रही है।

## समूह ने 820 करोड़ में खरीद ली बड़ी कंपनी

# अदाणी समूह अब हवाई जहाज उड़ाना भी सिखाएंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गौतम अदाणी का कारवां अब सिर्फ एयरपोर्ट चलाने तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि अब वे आसमान में उड़ने वाले जहाजों और उन्हें उड़ाने वाले पायलटों की ट्रेनिंग पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं।

अदाणी ग्रुप ने एविएशन सेक्टर में एक और बड़ी छलांग लगाते हुए फ्लाइट सिमुलेशन टेक्नीक सेंटर (एसएसटीसी) में बड़ी हिस्सेदारी खरीद ली है। यह सौदा 820 करोड़ रुपये की एंटरप्राइज वैल्यू पर हुआ है। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एडीएसटीएल) ने यह कदम प्राइम एयरो सर्विसेज के साथ मिलकर उठाया है। इस डील की गूंज पूरे एविएशन बाजार में सुनाई दे रही है। इस डील से पूरे सेक्टर की तस्वीर बदल सकती है।

- फ्लाइट सेमुलेशन टेक्नीक सेंटर में खरीद ली बड़ी हिस्सेदारी

### एफएसटीसी में क्या है खास?

दरअसल, एफएसटीसी के पास 11 फुल-फ्लाइट सिमुलेटर और 17 ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट हैं। सबसे खास बात यह है कि इनके ट्रेनिंग प्रोग्राम को न केवल भारत के डीजीसीए से, बल्कि यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए) से भी मान्यता मिली हुई है। इसका सीधा मतलब है कि यहां से ट्रेनिंग लेने वाले पायलटों की साख पूरी दुनिया में होती है। अदाणी एंटरप्राइजेज का मानना है कि सिमुलेटर-बेस्ड ट्रेनिंग भविष्य की जरूरत है। यह न केवल सुरक्षित है, बल्कि असली जहाज उड़ाने की तुलना में काफी सस्ती भी पड़ती है। विशेषकर डिफेंस और कमर्शियल पायलटों की ट्रेनिंग में इससे एफिशिएंसी कई गुना बढ़ जाती है।



**एक छत के नीचे मिलेंगी सारी सुविधाएं** : *इस डील का सबसे बड़ा असर यह होगा कि अदाणी ग्रुप अब एविएशन सेक्टर का 'वन-स्टॉप सॉल्यूशन' बन जाएगा। अदाणी के पास पहले से ही एयर वर्क्स और इंडामर टेक्निक्स जैसी कंपनियां हैं, जो विमानों की मरम्मत और रखरखाव (एमआरओ) का काम करती हैं। अब एफएसटीसी के जुड़ने से यह सर्कल पूरा हो गया है। मतलब कंपनी को अपने जहाज के रखरखाव के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी और न ही अपने पायलटों की ट्रेनिंग के लिए किसी दूसरी एजेंसी को तलाशना होगा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ ने भी इसे एक 'इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म' बनाने की दिशा में अगला कदम बताया है।*

**कार्यालय कलेक्टर (नाजरात शाखा) जबलपुर**

क्रमांक/9452/जिला नाजिर/2025 जबलपुर दिनांक 4/12/2025

**विज्ञप्ति**

कार्यालय कलेक्टर जबलपुर के गार्डन, परिसर के चारों ओर स्टेण्ड सहित भूतल एवं प्रथम- तल के बराण्डों, कार्यालय के समस्त कमरों, सभी शौचालयों, वॉश बेसिन, दरवाजा, खिड़की, बिल्डिंग का जाला एवं छत की साफसाथ प्रत्येक कक्ष की गैलरी एवं कलेक्टर कैम्प ऑफिस की सफाई के साथ- आमंत्रित की जाती सफाई का कार्य किये जाने हेतु सीलबंद निविदायें प्रत्येक दिन साफ हैं :-.

| क्र. | निविदा कार्यवाही विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि | दि. 08/12/2025 को प्रातः 11 बजे से |
| 2 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दि. 26/12/2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | दि. 29/12/2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | दि. 29/12/2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय (अवकाश दिवसों को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर के कक्ष क्रमांक - 48 नाजरात शाखा से राशि 1000/- (एक हजार रुपए) नगद जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है। उक्त निविदा शर्तों को बेबसाईड www.jabalpur.nic.in पर देखा जा सकता है।

संयुक्त कलेक्टर
जबलपुर

G-22384/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# इंडिगो अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाए

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस को एक बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उसकी हजारों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पायलटों और क्रू की कमी, नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का प्रभाव, और तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। एफडीटीएल नियमों के तहत पायलटों के उड़ान घंटों में कटौती और विश्राम अवधि में वृद्धि की गई है, जिससे इंडिगो को अचानक क्रू की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, एयरलाइन की नियोजन और मानव संसाधन प्रबंधन में कमियों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। फिलहाल डीजीसीए ने जांच शुरू की है और एयरलाइन को सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, एफडीटीएल नियमों में अस्थायी छूट भी दी है, ताकि एयरलाइन क्रू की कमी को दूर कर सके। सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एयरलाइन को तत्काल रिफंड जारी करने, फेयर कैप लगाने और यात्रियों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद हजारों यात्री रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस केंद्रीय विमानन मंत्रालय ने बताया कि रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ रुपये का रिफंड कर दिया है। साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3,000 से ज्यादा बैगेज भी लौटा दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट पूरी क्षमता के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो का यह संकट न केवल एक एयरलाइन की विफलता है, बल्कि यह नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन की कमियों को भी उजागर करता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही, इंडिगो को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना होगा और क्रू की कमी को तत्काल दूर करना होगा। पिछले करीब छह दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण हजारों यात्री फंसे, उड़ानें रद्द होने से यात्रा योजनाएं बिगड़ीं और कई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी और सरकार से कार्रवाई की मांग उठी। इंडिगो के सामने आने वाली मुश्किलें केवल उसके परिचालन हिस्से तक सीमित नहीं हैं। यह कहीं गहरे जाकर उस संरचना से टकराती हैं, जिस पर पूरा विमानन उद्योग टिके होने का दावा करता है। भारत जैसा तेजी से विकसित होता बाजार लगातार नए यात्रियों को जोड़ रहा है, लेकिन उस गति से एयरलाइन कंपनियों, हवाई अड्डों, तकनीकी प्रणालियों और मानव संसाधनों ने खुद को तैयार नहीं किया। परिणामस्वरूप, जैसे-जैसे उड़ानों का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हर छोटे व्यवधान का असर बड़ा और व्यापक होता गया। इंडिगो के मामले में यह असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया क्योंकि उसके बेड़े और नेटवर्क का आकार बाकी एयरलाइनों की तुलना में कहीं विशाल है। छोटे व्यवधान भी बड़े पैमाने पर यात्रियों को प्रभावित करते हैं। इंडिगो का संकट हमें याद दिलाता है कि विमानन सिर्फ आसमान में उड़ने की कहानी नहीं, बल्कि ज़मीन पर की गई सूझबूझ भरी तैयारियों का परिणाम है। यह क्षण इंडिगो के लिए चेतावनी भी है और सुधार का अवसर भी और उद्योग के लिए भविष्य की दिशा तय करने का समय भी है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चुनौतियों के बावजूद विकास दर बढ़ी

**भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।**

हाल ही में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है। महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपये और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपये के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निस्संदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे



रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बोधि दिवस
श्वेता गोयल



# हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोधन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया लेकिन सच्चा ज्ञान उन्हें तब मिला, जब वह बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे। यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है। बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी गहन ध्यान करते हैं, बौद्ध ग्रंथों का जाप और अध्ययन करते हैं और महात्मा बुद्ध की पूजा करते हैं। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक मंच प्रदान करता है, जहां लोग सामान्य भलाई के लिए काम करने के लिए एकजुट होते हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो। बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी गौतम बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं आज के मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।' यह उद्धरण हमें सिखाता है कि आज का क्षण ही सबसे महत्वपूर्ण है और हमें वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बुद्ध ने कहा है, 'हर सुबह हम नया जन्म लेते हैं। आज हम जो करते हैं, वही सबसे ज्यादा मायने रखता है।' यह विचार हमें प्रत्येक दिन को एक नई शुरुआत के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है और हमारे कार्यों के महत्व को स्पष्ट करता है। क्रोध और नकारात्मक भावनाओं से निपटने के बारे में बुद्ध का दर्शन विशेष रूप से मूल्यवान है। उन्होंने कहा है, 'आपको अपने क्रोध के लिए दंडित नहीं किया जाएगा, आपको अपने क्रोध द्वारा दंडित किया जाएगा।' बोधि दिवस हमें संदेश देता है कि हम सभी अपनी परिस्थितियों से परे जा सकते हैं, आत्मज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और एक अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शिव कोई नाम नहीं



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
**प्रेरणा**

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन





### आज की पाती

**कैसे रुकेगी रुपये की गिरती कीमत**

बीते बुधवार को हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र के लिए एक चिंता भरी खबर सामने आई, खबर यह थी कि हमारे देश के रुपए की कीमत में भारी गिरावट आई अर्थात यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग नब्बे के नीचे आ गया। हालांकि सरकार और आरबीआई इससे निपटने के लिए काम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह देश के लिए चिंता की बात है। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार और महंगाई के लिए भी टेंशन बढ़ाने वाली है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे देश के रुपए के गिरने का सिलसिला मोदी सरकार में ही नहीं, बल्कि जाने माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज में भी था। इस दिशा में ठोस समाधान तलाशने की जरूरत है। – *रमेश वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# चीनी विमान ने जापानी लड़ाकू विमान पर रडार किया लॉक



चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। 'रडार लॉक' का मतलब होता है– किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे–15 ने शनिवार को दो बार अलग–अलग समय में जापानी एफ–15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर 'रडार लॉक' किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि 'रडार लॉक' करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे–15 विमान शामिल था या नहीं।

## ऑफ बीट


# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है, क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग–अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

## ट्रेंड

### हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ



आज जब भारत की ग्रोथ तेज है, तब इसे कोई हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। ये गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब ही था कि कभी भारत की कमजोर इकोनॉमिक ग्रोथ को हमारी आस्था तक से जोड़ा गया, फिर भी तथाकथित बुद्धिजीवियों को उसमें सांप्रदायिकता नजर नहीं आई।
- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रदूषण नियंत्रण



दिल्ली में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सैकड़ों स्प्रिंकलर गाड़ियां राजधानी के रिंग रोड की वाशिंग कर रही हैं। हम सबका मिशन एक है-प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध के लिए पूरी तरह सजग है।
- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### गोवा आग हादसा



गोवा के अरपोरा में हुए भीषण आग हादसे में कई व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विनम्र व्यवहार करें



फ्लाइट में देरी होना निराशाजनक होता है, लेकिन उन चेहरों को याद रखें जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इंडिगो के कर्मचारियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें; रद्दीकरण का बोझ भी उन्हें ही उठाना पड़ता है।
- **सोनू सूद, अभिनेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आतंकियों कि किसी भी घुसपैठ की कोशिश करने वाले को मार गिराया जाए।

## 68 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय

### संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा हुई और सख्त

# सेना को निर्देश- सीमा के करीब दिखें आतंकी तो ठोक दो, 120 दहशतगर्द भारत में घुसने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| जम्मू

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। आईजी ने बताया कठिन इलाके, बर्फ से ढके रास्ते, पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम जैसी चुनौतियों के बावजूद बीएसएफ मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रही है। सीमा सुरक्षा बलों ने सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है। फील्ड यूनिट्स को अधिक सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हरकत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अपनी काउंटर-इनफिल्ट्रेशन ग्रिड को और मजबूत किया है। बॉर्डर पर अब नाइट विजन कैमरे, ड्रोन निगरानी, थर्मल सेंसर, ग्राउंड सेंसर, बढ़ी हुई पेट्रोलिंग और अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर दी गई है।



**फोर्स ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार :** इससे पहले 30 नवंबर को जम्मू के बीएसएफ कैंपस में एनुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान बीएसएफ की जम्मू फ्रंटियर के एलजी शशांक आनंद ने बताया, 'साल 2025 में अब तक बीएसएफ ने पाकिस्तान की 118 चौकियां तबाह की हैं। सरकार ने हमें जीरो घुसपैठ का टारगेट दिया है। हम उसको पूरा करेंगे।'

### पाक में इन स्थानों में आतंकी पैड

वहीं, बीएसएफ डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने कई आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किए, इसके बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से 72 से ज्यादा टेरर लॉंचिंग पैड शिफ्ट किए हैं। इनमें सियालकोट-जफ्फरवाल में एक्टिव 12 लॉन्च पैड और दूसरी जगहों पर एक्टिव 60 लॉन्च पैड शामिल हैं। हालांकि, ये सभी बॉर्डर से दूर हैं।

### चारों ओर रखी जा रही नजर

पाकिस्तान ने यह कदम आतंकियों के लॉन्च पैड को भारतीय सेना और बीएसएफ की फायरिंग रेंज से बाहर रखने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारी नुकसान पहुंचाया गया था। उन्होंने बताया कि लॉन्च पैड को खिसकाने करने के बावजूद सेना उन पर नजर रख रही है। यादव ने बताया कि जब भी पाकिस्तान की ओर से कोई गलत कदम उठाया जाएगा, हम मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।

### 8 को सेना ने मार गिराया

आईजी अशोक यादव ने बताया कि अब घुसपैठ के प्रयासों में काफी कमी आई है। इस साल कश्मीर फ्रंटियर में 13 आतंकियों ने घुसपैठ की चार कोशिशें कीं। सेना ने आठ को मार गिराया, पांच भाग गए। उन्होंने बताया कि घुसपैठ का पैटर्न एक जैसा है, मगर हाल के दिनों में आतंकियों ने नए रूट से भी कोशिश की है। इनपुट के आधार पर सेना और बीएसएफ उन पर नजर रख रही है।

### सेना और पुलिस मिलकर कर रही काम

कश्मीर घाटी में बीएसएफ की 13 कंपनियां सेना और पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही हैं। आईजी ने आतंकवादियों की गुपचुप भर्ती पर चिंता जताई, जो कट्टरपंथियों के सेंटर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंतरिक इलाकों के लिए जिम्मेदार एजेंसियों को अलर्ट भेजा जाता है और सुरक्षा बलों के बीच पूरी तालमेल है।

## खबर संक्षेप

### भुवनेश्वर में दो हथियार तस्कर गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक कार्बाइन सहित 11 आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। अवैध हथियारों में दो नौ मिमी पिस्तौल, आठ 7.65 मिमी पिस्तौल और एक स्वचालित कार्बाइन शामिल है। ये हथियार झारखंड और बिहार से खरीदे गए थे। पुलिस आयुक्त एस देवदत्त सिंह ने कहा कि भुवनेश्वर के खंडगिरि इलाके में पकड़ाए गए आरोपियों की पहचान अंगुल जिले के रहने वाले सुमंत नाईक और ढेंकनाल जिले के सौभाग्य नाईक के रूप में हुई है।

### बाड़मेर में 67 लाख का 3 क्विंटल डोडा पोस्त जब्त



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में तीन क्विंटल से अधिक अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 67.25 लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि टीम ने बीती रात नाकाबंदी के दौरान एक बिना नम्बर प्लेट लगी कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक ने रुकने के बजाय गाड़ी को तेज गति से भगा दिया। पुलिस टीम ने पीछा किया तो चालक वाहन को झाड़ियों में लावारिस छोड़ अंधेरे तथा झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस टीम को तलाशी लेने पर वाहन से 16 कट्टों में भरा हुआ अवैध डोडा पोस्त मिला।

### मंडला में ट्रक-पिकअप की टक्कर में तीन की मौत

**मंडला (मप्र)।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंडला-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पुलिस चौकी अंजनिया क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर चौराहे के पास देर रात लगभग एक बजे हुई। चौकी प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक रायपुर से सरिया लेकर जबलपुर की तरफ जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

## शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों की कार्यवाही हंगामे के कारण बाधित रही

# 'वंदे मातरम' पर मोदी-शाह आज करेंगे संसद में डिबेट का आगाज, एसआईआर पर कल बहस

*संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में भारी हंगामा और गतिरोध देखने को मिला। आज सोमवार से कार्यवाही सुचारू रूप से चलने के आसार हैं। सरकार और विपक्ष के बीच चर्चा की तारीखों और विषयों को लेकर बनी सहमति के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 8 दिसंबर को लोकसभा में ऐतिहासिक वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 9 दिसंबर को राज्यसभा में इस चर्चा का आगाज करेंगे। वहीं, एसआईआर पर भी 9 दिसंबर को बहस की तारीखें तय हुई हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बहुचर्चित चुनावी सुधारों और मतदाता सूची के एसआईआर पर भी 9 दिसंबर को बहस की तारीखें तय हुई हैं। बत दें कि यह फैसला सर्वदलीय बैठक और बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठकों के बाद लिया गया था। एक दिसंबर से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों की कार्यवाही एसआईआर पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बाधित रही। सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि चर्चा सिर्फ एसआईआर तक सीमित नहीं रहेगी। यह चुनावी सुधारों के विस्तृत विषय पर होगी। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए विशेष समुदायों को निशाना बनाया जा सकता है जबकि सरकार इसे चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का कदम बता रही है। सरकार का तर्क है कि बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए यह जरूरी है। इसमें मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच की जा रही है। करीब 51 करोड़ मतदाता इस अभियान के दायरे में आएंगे।

### संसद में मोदी और राजनाथ सिंह संभालेंगे कमान

संसद के दोनों सदनों में 'वंदे मातरम' पर होने वाली चर्चा बेहद खास होगी। लोकसभा में 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री मोदी चर्चा की शुरुआत करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी अपनी बात रखेंगे। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा में बहस का समापन सत्ताधारी बीजेपी के किसी वरिष्ठ नेता द्वारा किया जाएगा।



### राज्यसभा में अमित शाह संभालेंगे कमान

*दूसरी ओर, राज्यसभा में 9 दिसंबर को अमित शाह चर्चा शुरू करेंगे. उच्च सदन के नेता जेपी नड्डा भी इस बहस में हिस्सा लेंगे। सरकार ने बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस राष्ट्रगीत के 150 साल पूरे होने पर देशव्यापी जश्न मनाने का फैसला किया है।*

### विपक्ष की कमान प्रियंका सहित ये संभालेंगे

वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में होने वाली चर्चा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और सदन में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई समेत आठ वक्ता भाग ले सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी, गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, विमल अकोइजम, प्रनीति शिंदे, प्रशांत पडोले, चमाला रेड्डी और ज्योत्सना महंत वक्ता हो सकते हैं।

### एसआईआर पर होगी आर-पार की बहस

विपक्ष लगातार एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर चर्चा की मांग कर रहा था। अब तय हुआ है कि चुनावी सुधारों पर एक व्यापक बहस होगी। इसमें एसआईआर का मुद्दा भी शामिल होगा। लोकसभा में यह चर्चा 9 और 10 दिसंबर को होने की संभावना है। वहीं राज्यसभा में 10 और 11 दिसंबर को इस मुद्दे पर बहस हो सकती है।

### क्या है एसआईआर और क्यों है इतना विवाद?

चुनाव आयोग ने देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची को साफ करने के लिए एसआईआर अभियान चलाया है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वोटर लिस्ट से अवैध प्रवासियों और बोगस वोटरों को हटाना है। सरकार का तर्क है कि बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए यह जरूरी है।

# राहुल ने सरकार को ठहराया जिम्मेदार, उड्डयन मंत्री बोले- ये राजनीतिक मामला नहीं

इंडिगो संकट पर राजनीति हो रही गरम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो संकट के कारण बढ़ती यात्रियों की परेशानी के बीच अब इस मामले में राजनीतिक गर्माहट भी शुरू हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस मामले के लिए सरकार के एकाधिकार मॉडल को जिम्मेदार ठहराया है। उनके इस बयान पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यह एक सार्वजनिक मुद्दा है।

### राहुल गांधी ने सरकार को ठहराया जिम्मेदार

राहुल ने इंडिगो संकट के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया था, जिसके कारण सैकड़ों उड़ानें रद्द हुईं और हजारों यात्री फंस गए। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर आम भारतीयों को उड़ानों की देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### उड्डयन मंत्री बोले- यह सार्वजनिक मुद्दा

राहुल के बयान पर मंत्री नायडू ने से कहा, यह कोई राजनीतिक मामला नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक मुद्दा है। सरकार ने हमेशा प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की कोशिश की। हमने लीजिंग लागत कम करने के लिए कानून पेश किया है, जिससे बेड़े में और ज्यादा विमान शामिल हो सकें। देश में विमानन की मांग बढ़ रही है। इसलिए, यह लोगों के लिए एक अवसर है और सरकार भी यही चाहती है।

### इंडिगो को रद्द करनी पड़ी हैं सैकड़ों उड़ानें

पिछले कई दिनों से चालक दल की कमी के कारण इंडिगो को प्रतिदिन सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ रही हैं। इससे देश भर के हवाई अड्डों पर यात्री फंसे हुए हैं। देशव्यापी अराजकता के केंद्र में इंडिगो द्वारा नए उड़ान सुरक्षा मानदंडों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लागू करने में विफलता है। इसको लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है।

## राष्ट्रपति भवन के भोज पर बोले थरूर

# 'विवाद में नहीं पड़ना चाहता' निमंत्रण ठुकराना ठीक नहीं था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में हुए भोज को लेकर कांग्रेस के अंदर उठी टिप्पणियों के बीच पार्टी सांसद शशि थरूर ने साफ किया है कि उन्होंने किसी विवाद में पड़ने के लिए यह कार्यक्रम अटेंड नहीं किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का निमंत्रण ठुकराना उचित नहीं होता, खासकर तब जब उनका काम विदेश मामलों से जुड़ा हो। थरूर ने कहा कि कुछ कांग्रेस नेताओं ने इस भोज को लेकर बयान दिए हैं, पर वह इस विवाद में नहीं पड़ना चाहते। उनका कहना था कि वह इस बात पर अफसोस जताते हैं कि कुछ नेताओं को आमंत्रण नहीं मिला,



लेकिन वह स्वयं राष्ट्रपति द्वारा दिए गए निमंत्रण को अस्वीकार नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि किसी भी विदेशी राष्ट्रपति के लिए भोज आयोजित करना भारत की परंपरा है। थरूर ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष के नेताओं की मौजूदगी ऐसे कार्यक्रमों में बेहतर संदेश देती। उन्होंने कहा कि यदि सभी प्रमुख विपक्षी नेताओं को बुलाया जाता, तो यह एक सकारात्मक राजनीतिक संदेश होता।

### राष्ट्रपति भवन की परंपरा का हवाला

थरूर ने बताया कि राष्ट्रपति भवन का भोज केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की डिप्लोमैटिक परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने बहुत ही सम्मानजनक भाषण दिया, और पुतिन ने भी उतनी ही गर्मजोशी से उसका जवाब दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में रूसी प्रतिनिधि और भारत के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि वह किसी राजनीतिक विवाद को हवा नहीं देना चाहते। उन्होंने साफ किया कि वह वहां पार्टी प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि संसद की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के अध्यक्ष के रूप में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह मौका उन्हें कई महत्वपूर्ण और सार्थक बातचीत करने का भी मिला।

## न जानें अब कब मिलेंगे...



प्रयागराज। यहां हो रहे सामुहिक विवाह सम्मेलन में दुल्हन बनीं युवतियां बारात आने से पहले सेल्फी लेते हुए।

### आठ घंटे 140 फीट गहरे बोरवेल में फंसे किशोर की मौत

**कच्छ।** गुजरात में कच्छ जिले के भुज तालुका के एक गांव में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरे 17 वर्षीय मजदूर को आठ घंटे चले बचाव अभियान के बावजूद बचाया नहीं जा सका। यह बचाव अभियान रविवार तड़के समाप्त हुआ। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या हो सकती है, क्योंकि पीड़ित और उसके पिता के बीच महंगे मोबाइल फोन को लेकर झगड़ा हुआ था। उसने बताया कि मूल रूप से झारखंड निवासी रुस्तम शेख शनिवार शाम कुक्मा गांव में एक फार्महाउस में 1.5 फुट चौड़े बोरवेल में गिर गया। उसे बचाने के लिए रेस्क्यू किया गया। शेख को करीब आठ घंटे की कोशिश के बाद रविवार तड़के करीब तीन बजे बाहर निकाला गया।

## मौत की सूची में दर्ज व्यक्ति कई सौ किलोमीटर दूर महाराष्ट्र में मिला जिंदा

# केदारनाथ प्रलय में 'मर' चुके शख्स को एक चोरी ने मिलवाया घरवालों से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2013 की केदारनाथ बाढ़ में हजारों लोग मारे गए, जबकि सैकड़ों लोग लापता हो गए। शिवम उनमें से एक था। कई दिनों तक जब उनका कोई पता नहीं चला तो घरवालों ने हार मान ली और उन्हें 'मरा हुआ' मानकर उनका 'प्रतीकात्मक' अंतिम संस्कार कर दिया लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। मौत की सूची में दर्ज हो चुका यह शख्स कई सौ किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के संभाजीनगर में ज़िंदा मिला वह भी एक चोरी के केस में फंसने के बाद। हालांकि युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं है इसलिए उसे याद नहीं कि वह यहां तक कैसे पहुंचा।

### शिवम के स्कूल का नाम बना माध्यम

वर्ष 2023 में एक दिन शिवम ने अचानक रुड़की के अपने स्कूल, 'प्रेम विद्यालय' का नाम बताया। यही वह ठोस जानकारी थी जिसकी टीम को तलाश थी। भोसले ने तुरंत हरिद्वार जिले के रुड़की थाने से संपर्क किया और वहां से शिवम के रिश्तेदारों और उनकी पढ़ाई की जानकारी मिल गई।



**क्या है शिवम को बीमारी :** रिश्तेदारों ने बताया कि शिवम डिसऑर्गेनाइज़्ड सिज़ोफ्रेनिया (अव्यवस्थित सिज़ोफ्रेनिया) से जूझ रहे हैं। यह एक मानसिक बीमारी होती है, जिसमें पीड़ित के सोचने, बोलने का तरीका और रोज़मर्रा के काम बहुत अव्यवस्थित हो जाते हैं। शिवम को घर ले जा चुका परिवार फिलहाल इस मामले पर बात नहीं करना चाहता।

### पूरा मामला क्या है, जज ने भेजा अस्पताल

रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में संभाजीनगर के जिस मंदिर में शिवम रुका था, उसमें चोरी हो गई। गिरफ्तारी के बाद कुछ लुटेरों ने उनका नाम भी इस मामले में घसीट लिया। जब अदालत में शिवम को पेश किया गया, तो जज ने उन्हें 'डिसआर्गेनाइज्ड सिज़ोफ्रेनिया' की वजह से पुणे के रीजनल मेंटल हॉस्पिटल में भेजने का आदेश दिया। बाद में, रुड़की (उत्तराखंड) के गवर्नमेंट मेंटल हॉस्पिटल में शिवम के स्कूल से जुड़ी एक छोटी-सी जानकारी सामने आई। यही सुराग उनके परिवार तक पहुंचने की शुरुआत बना।

### बोली-भाषा के कारण हुई मुश्किल

उधर, अदालत ने भी साफ कर दिया कि शिवम का चोरी से कोई संबंध नहीं है और आरएमएच ने उन्हें छुट्टी दे दी। इसके बाद, 55 साल के शिवम शुक्रवार, 5 नवंबर को आखिरकार अपने भाई से मिल पाए. शिवम का परिवार रुड़की में रहता है। आरएमएच की समाज सेवा अधीक्षक) रोहिणी भोसले बताती हैं कि शिवम से उनकी पहचान जान पाना आसान नहीं था। वे पहाड़ी बोली बोलते थे, जिसे समझना मुश्किल था, और पोलियो के कारण उन्हें चलने में दिक्कत होती थी। उन्होंने कहा, मुझे अजीब लगा कि ऐसी हालत में वे किसी चोरी में कैसे शामिल हो सकते हैं।

# रूस ने अपने ही शहर में गिरा दिया 1000 किलो का बम

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई गईं। इससे 8 लोग घायल हुए। कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर पर एफएबी-1000 हाई-एक्सप्लोसिव बम गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था।

■ **653 ड्रोन और 51 मिसाइलों से यूक्रेन पर किया हमला**

### रूसी तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन ने हमले बढ़ाए

रूस ने भी दावा किया कि उसने रातभर में 116 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। साथ ही यूक्रेन ने रूस के रयाजान तेल रिफाइनरी पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। पिछले कुछ महीनों से यूक्रेन रूस के तेल रिफाइनरियों पर लगातार हमले कर रहा है, ताकि रूस का तेल निर्यात आय कम हो। यूक्रेन-अमेरिका का आरोप है कि रूस यहीं तेल बेचकर जंग के लिए हथियार और मिसाइल बनाता है।

# पवित्र व ऐतिहासिक फेरी के साथ हुआ गजरथ महोत्सव का समापन

## गजरथ में सात रथों का प्रवर्तन किया गया

**जबलपुर।** श्री 1008 मज्जिनेन्द्र चौबीसी जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्वशांति महोत्सव का समापन गजरथ फेरी के साथ उल्लासपूर्वक वातावरण में सानंद सम्पन्न हुआ। जबलपुर में यह प्रथम अवसर था जब गजरथ में सात रथों का प्रवर्तन किया गया। 30 नवम्बर से 7 दिसंबर तक चलने वाले जैन संप्रदाय के सबसे बड़े उत्सव में रविवार को गजरथ स्थल में भगवान आदिनाथ की कैलाश पर्वत से निर्वाण प्राप्ति हुई । प्रातः आचार्य श्री समयसागर महाराज के सानिध्य में मोक्ष कल्याणक मनाया गया। पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया (बंडा) ने सम्पन्न कराये।





### मोक्ष की महत्ता समझाई

आचार्य श्री ने इस अवसर इन्द्र -इन्द्राणियों एवं उपस्थित जन समूह को मोक्ष की महत्ता समझाई तत्पश्चात मोक्ष कल्याणक पूजन एवं विश्वशांति महायज्ञ एवं हवन संपन्न हुआ। आचार्य श्री ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में कहा अतुलनीय आनंद जो आता है वह संसार अवस्था में संभव नहीं है। आनंद जो होता है वह अपने स्वभाव से ही उत्पन्न होता है। शाश्वत सुख चाहिए तो लोभ की समाप्त कर लो। 7 बजे प्रभु का निर्वाण हुआ वह दृश्य अलौकिक था। योगियों ने भी यह मोक्ष मार्ग बताया है। मोक्ष में किसी प्रकार की से बंधन का अनुभव नहीं होता, बंधन किसी को इष्ट नहीं है। किन्तु संसारी प्राणी बंधन को इष्ट मानता है। अब जोड़ना छोड़ों जो जोड़ा है उसे छोड़ने के लिए बहुत साधना की आवश्यकता होती है। मोक्ष मार्ग समूह का नाम नहीं है। एकाकी होकर ही साधना की जाती है। तप एक दूसरे के साथ संबंध जोड़कर नहीं होता, तप एकांत में होता है। एकांत में रहने से दृष्टि स्वरूप की ओर चली जाती है। लेकिन स्वरुप में ठहरना बहुत कठिन होता है। सिद्ध की आराधना करते- करते हमें सिद्ध होना है। हमें प्रसिद्ध नहीं होना है। श्रमण (मुनि) को भीड़ अच्छी नहीं लगती उन्हें एकांत में रहना पसंद होता है। जहाँ वे आत्म साधना कर सकें। मोक्ष प्राप्त करने के लिए महापुरुष साधना करते हैं। जिसके फलस्वरूप उन्हें मोक्ष पद मिलता है। गजरथ फेरी दोपहर 1.45 बजे शुरु हुई तथा पंडाल के चारों ओर बनाए गए गज पथ पर सात परिक्रमा कर दोपहर में 3 बजे समाप्त हुई। गज पथ के बाहर चारों और जैन एवं जैनंतर पुरुषों का अपार जनसमूह उपस्थित था। गजफेरी में सबसे आगे गजरथ की प्रतिकृती शामिल थी उसके पीछे आचार्यश्री अपने संघ सहित चल रहे थे। इसके बाद आर्यिका माताएँ श्वेत वस्त्रों में तथा बह्मचारणी बहनें चल रही थीं। मंदसौर का जय जिनेन्द्र बैंड अपनी सुमधुर धुनों से सभी को मोहित कर रहा था। विभिन्न पात्र, शहपुरा भिटोनी, पनागर, जैन नवयुवक सभा, पटनागंज (रहली) के दो रथ तथा श्रावक श्रेष्ठी अजय धनगासिया (अजमेर) के सौजन्य से प्राप्त स्वर्ण रथ पर सवार थे। स्वर्ण रथ के सारथी बनने का सौभाग्य रीतेश चौधरी की प्राप्त हुआ।

### स्वर्ण रथ आकर्षण का केन्द्र

गजरथ महोत्सव में स्वर्ण रथ आकर्षण का केन्द्र रहा। सभी रथों में श्री जी विराजमान थे एवं श्री जी के साथ अन्य पात्र बैठे चल रहे थे। कुबेर रत्नों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। रथों की पीछे केसरिया वस्त्र पहने इन्द्र और इंद्राणियां मंगल गीत गाते हुए चल रहीं थी। रत्नों की वर्षा - गजरथ फेरी के अवसर पर रथ में सवार पात्र रत्नों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा मे गजरथ फेरी का सभी को बेसब्री से इंतजार था। इस अद्भुत क्षण को देखने लालायित आँखें सुबह 8 बजे से ही गजरथ स्थल पर पहुँच चुकी थीं। 11 बजे तक गजपथ के चारों ओर बड़ी संख्या मे एकत्रित हो गए।

### ये रहे उपस्थित

गजस्थ फेरी में पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन,पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, दयोदय तीर्थ (गौशाला) के न्यासी अरविंद भाईजी, कमलेश कक्का, नीलेश जैन, संदेश जैन (एडवोकेट),संजय अरिहंत, धन्यकुमार जैन, सतीश नेता, अशोक चॉवल, अभय कुमार जैन, कमलेश दलाल, यश जैन के अतिरिक्त दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, दिगम्बर जैन संरक्षिणी सभा,पूर्णायु, मढ़ियातीर्थ तथा अन्य संस्थाओं के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रतिष्ठाचार्य द्वारा सम्पन्न कराये गये धार्मिक अनुष्ठान के अलावा शेष गतिविधियों का संचालन अमित पडरिया ने किया।

## रा.पि.व.मो., भारत. मु.मो., बहुजन क्रांति मोर्चा ने बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**जबलपुर।** डॉ. अम्बेडकर चौक पर 6 दिसम्बर 2025 को बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर भारत मुक्ति मोर्चा के साथ सहयोगी संगठन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, इण्डियन लायर्स फोरम के साथ अन्य संगठनों ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष को याद करते हुए अपने विचार रखे। मेरी जय



जयकार करने से या मेरी मौत पर विलाप करने से कुछ नहीं होगा, बल्कि मेरे अधूरे काम को पूरा करने के लिए भारत के भूखण्ड से 'जाति' नाम के राक्षस का अंत करके भारत भूखण्ड को भारत देश बनाना होगा। ऐसा करने के लिए कभी न बिकने वाला निष्ठावान लोगों का संगठन बनाना होगा। जब देश में मौलिक अधिकारों को खत्म कर दिया जायेगा तो ये कभी न बिकने वाले निष्ठावानों लोगों का राष्ट्रव्यापी संगठन ही मेरे लोगों की रक्षा करेगा और अतिमतः 'जाति रूपी राक्षस का अंत करके भारत के लोग आजाद होंगे।' उक्त विचार इंजीनियर प्रवीण गजभिये (दादा) ने रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संकल्प लिया कि बाबा तेरा मिशन अधूरा हम सब मिल के करेंगे पूरा। श्रद्धांजलि सभा में इंजी. प्रवीण गजभिये, रामराज पटेल, एड. विनय भगत, अनिल वंशकार, विजय आनंद कुरील (आईएएस), डॉ. हीरालाल जाटव, प्रो. पी.एल. अहिरवार, एड. परमानंद साहू, चन्द्रशेखर उडकुड़े, एड. रवि भगत, एड. त्रिलोक सोनकर, एड. घनश्याम चक्रवर्ती, एड. आर.जी. वर्मा, एड. पदमाकर रामटेके, एड. उमाशंकर झारिया, जयश्री राजेश्वरी पटेल के साथ अनेक लोगों ने दिनभर बाबा साहब की पुण्य तिथि पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया। संविधान की रक्षा हम करेंगे। हम करेंगे आदि गगन भेदी नारों के साथ पुण्य तिथि मनाई।

## भारतीय सर्व जनजाति सेना ने डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये



**जबलपुर।** भारतीय सर्व जनजाति सेना ने 06 दिसम्बर को संविधान निर्माता बाबा भीमराव आम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस आम्बेडकर चौक प्रतिमा स्थल पहुंचकर डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया। इस अवसर पर भारतीय सर्व जनजाति सेना के अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, धनराज सिंह पुसाम, शैलेष सिंह लोधी, राजेन्द्र सिंह तेकाम एवं अनिल परस्ते, रमेश धुर्वे, जगतसिंह परस्ते, राकेश भलावी, देवेन्द्र साहू, प्रदीप पटेल, पिछड़ा वर्ग नेता घनश्याम यादव, आकाश यादव सहित बड़ी संख्या में सेना के सदस्य मौजूद रहे।

## घर-घर पहुंचे सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ

**जबलपुर।** आज यज्ञ का प्रारम्भ वेदों के मंत्रों द्वारा आचार्य धीरेन्द्र पांडे की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ, जिसमें शास्त्री जी ने सांस्कारिक जीवन को उच्च कोटि का स्थान बताया। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थिति में सांस्कारिक जीवन की महत्ता क्या है और हम अपने धर्म के प्रति कितनी उदारता से कर्त्तव्यों का पालन करते हुए हम कैसे समाज में अपनी स्थिति को कायम रखना चाहते हैं। आज यजमान जी के 25वें सालगिरह के उपलक्ष्य में यह बात कहीं कि सबसे बड़ा धर्म, संस्कारी धर्म ही है। आचार्य जी ने कहा कि सत्यार्थ प्रकाश एक ऐसा ग्रंथ है जो हर घर में विद्यवान होना चाहिए। इस दौरान हवन में आहुति देकर भजन, गीत संगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ



जिसमें आर्य समाज के प्रधान सोमिन्द्र माहेश्वरी, महिला प्रधान डॉक्टर अरुण सिंह, वीरेंद्र धमीजा, नरेंद्र धमीजा, गीता वासुदेव, एसके मुखी, उमेश सिंह, अरविंद माहेश्वरी, पूनम माहेश्वरी और समाज के सभी गणमान्य नागरिक जिन्होंने आज अपना योगदान दिया, अतिथि बंबई से आए हरीश झा, विमल झा, डॉक्टर अनिल बाजपेई, डॉ. जया बाजपेई, होम साइंस कॉलेज के एचओडी डॉक्टर गिरीश वर्मा, डॉक्टर रश्मी पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम यजमान डॉक्टर रश्मि पंचम झा की 25वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में आर्य समाज में संपन्न हुआ, जिसमें संयोजक पीयूष शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## अखिल भारतीय पूर्णिका उत्सव | पूर्णिका विधा की 25 कृतियों का विमोचन सम्पन्न



**जबलपुर।** अभा साहित्य संघ पूर्णिका मंच के तत्वावधान में कला वीथिका में अखिल भारतीय पूर्णिका उत्सव का भव्यता के साथ आयोजन किया गया जिसमें देश-प्रदेश सहित नगर के पूर्णिकाकारों की 25 किताबों का विमोचन एवं पूर्णिका पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। मुख्य अतिथि डॉ. बैजनाथ गौतम, विशिष्ट अतिथि डॉ. कृष्णकुमार नेमा निर्झर सीहोर सहित डॉ. विभा प्रकाश लखनऊ रहे। सारस्वत अतिथि गायत्री ठाकुर सक्षम नरसिंहपुर, डॉ. दीनदयाल यादव नीलेश बिलासपुर, डॉ. अनिलकुमार वाजपेयी थे, वहीं विशेष आमंत्रित अतिथि करुणासिंह कल्पना रांची, रामगोपाल निर्मलकर सिवनी थे। पूर्णिका विधा के संस्थापक डॉ. सलपनाथ यादव के मार्गदर्शन, अंशुल मिश्रा के संयोजन में आयोजित समारोह में सरस्वती वंदना सिद्धेश्वरी सराफ ने की। साहित्य की नव्यतम विधा पूर्णिका पर यशोवर्धन पाठक, डॉ. निर्मला डोंगरे वृंदावन, विजय बागरी कछारगांव ने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि पूर्णिका विधा की सहजता और गेयता के कारण साहित्य जगत में यह विद्या लोकप्रिय हुई है। राजेश पाठक प्रवीण एवं आशुतोष तिवारी ने समारोह का संचालन किया। समारोह के समन्वयक राजेन्द्र मिश्र, एम.पी. कोरी उपस्थित थे।

### पूर्णिका संग्रहों का विमोचन

इस अवसर पर पूर्णिकार डॉ. प्रो. खेदू भारती 'सत्येश' धमतरी, सारिका शर्मा, उमा शर्मा गौतमबुद्ध नगर, रजनी कटारे, नमिता गुप्ता लखनऊ, करुणा सिंह कल्पना रांची, डॉ. दीनदयाल यादव बिलासपुर, रामगोपाल निर्मलकर सिवनी, रश्मि पाण्डेय, कदम जबलपुरी, कीरत सिंह यादव, लहार, विभा प्रकाश लखनऊ, विनोद कश्यप शर्मा चण्डीगढ़, तारा गुप्ता लखनऊ, साधना मिश्र लखनवी, प्रदीप श्रीवास्तव ग्वालियर, अनुराधा गर्ग दीप्ति जबलपुर, डॉ. ललित कुमार सिंह अलीगढ़, शिव अलग नैनपुर, डॉ. सलपनाथ यादव, गायत्री ठाकुर नरसिंहपुर, डॉ. श्याम कुंअर भारती बोकारो की कृतियों का विमोचन हुआ। सभी पूर्णिकारों को जिनकी कृति विमोचित हुई उन्हें पूर्णिकाचार्य की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### रिंझा वृद्धाश्रम में आवश्यक सामग्री की वितरित

## सर्व ईसाई महासभा ने 11वें स्थापना दिवस पर किया सेवा कार्य

**जबलपुर।** आज सर्व ईसाई महासभा के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन द्वारा रिंझा स्थित वृद्धाश्रम में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पास्टर स्टैनली सुकुमार द्वारा प्रार्थना और आशीष वचन के साथ किया गया, जिसके पश्चात वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस सेवा कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सलोमान ने कहा कि "वृद्धाश्रम में किया गया यह सेवा-कार्य हमारे संगठन की मूल भावना- प्रेम, करुणा और मानवता का सशक्त प्रतीक है। सर्व ईसाई महासभा समाज के प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।" इसके साथ ही जिला अध्यक्ष शान कुमार एवं जिला सचिव डेंजिल आंग्रे ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "यह सेवा कार्य प्रभु के प्रेम का प्रत्यक्ष रूप है, मैं सभी सदस्यों को प्रोत्साहित करता हूँ कि वे भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से



सहभागी बनते रहें और समाज में सकारात्मक योगदान देते रहें।" इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सलोमान, प्रदेश संघठन मंत्री प्रभाकर चक्रे, जिला अध्यक्ष शान कुमार, जिला संयोजक फ्रांसिस मरियान, सचिव डेंजिल आंग्रे, अर्पित, रोहन, बबलू जॉय एवं संघठन के लोग उपस्थित रहे।

## नामदेव समाज का युवक-युवती परिचय एवं आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 14 को

**जबलपुर।** आगामी 14 दिसंबर 2025 को होने वाले नामदेव समाज के युवक-युवती परिचय एवं आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में एक मीटिंग 07 दिसंबर 2025 को बंशी वाले मैरिज गार्डन दमोहनाका के पास जबलपुर आयोजित की गई, जिसमें परिषद के सभी सदस्यगण एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए जिसमें आगामी परिचय सम्मेलन की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की जाकर रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। यह कार्यक्रम बंशी वाले मैरिज गार्डन शांति नगर दमोहनाका जबलपुर में 14 दिसम्बर को प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में आसपास के जिलों नरसिंहपुर, सागर, दमोह, छतरपुर, कटनी के अलावा अन्य प्रदेशों छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश से भी सामाजिक बंधुओं के उपस्थित होने की सूचना प्राप्त हुई है। सभी सामाजिक बंधुओं से अनुरोध है कि इस विशाल युवक युवती परिचय सम्मेलन में अपने परिवार के विवाह योग्य युवक- युवती जिनका विवाह होना है, को आवश्यक रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित करें और इस समय का लाभ उठाएं। इस सम्मेलन में विधवा एवं विधुर युवक, युवतियों के परिचय की भी विशेष व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम म.प्र. नामदेव क्षत्रिय एकता पारिषद के तत्वावधान में संत श्री नामदेव महाराज की 755वी जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। उक्त जानकारी म.प्र. नामदेव क्षत्रिय एकता पारिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामभरत नामदेव, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष जे.पी. वर्मा द्वारा दी गई है।

## दुर्गेश ब्यौहार ने मुंबई में गाया राम भजन

**जबलपुर।** महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी एवं संत जेवियर कॉलेज मुंबई द्वारा विगत दिवस सृजनात्मक लेखन विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कारधानी के इंजी. डॉ. दुर्गेश ब्योहार दर्शन ने उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि, रेडियो लेखन में मुख्य अतिथि और पद्य लेखन में अध्यक्ष पद की भूमिका निभाई और अपने उद्बोधन के साथ स्वसृजित पद्य पुस्तक रामायण भजनावलि से भजन गाकर सुनाये, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री ब्यौहार ने नागपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर के साथ श्रीलंका में लगातार एक सप्ताह तक रामायण और राम भजन गोकर रामकथा एवं सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया।

### केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, होमगाड्र्स मंगेली, जबलपुर

## 79वां होमगाड्र्स स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया

**जबलपुर।** केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, होमगाड्र्स मंगेली, जबलपुर में 79वां मध्यप्रदेश होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह नीरज सिंह ठाकुर, विधायक, बरगी विधानसभा के मुख्य आतिथ्य में गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रीति बाला सिंह, कमाण्डेन्ट, सीटीआई, बीएसएफ कमाण्डेन्ट तथा ग्राम मंगेली के जनपद अध्यक्ष, सरपंच तथा वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थापना दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित भव्य परेड के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि नीरज सिंह



ठाकुर, विधायक, बरगी विधानसभा द्वारा सलामी ली गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा देश के गृहमंत्री अमित शाह के संदेश का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा के समृद्ध इतिहास और देश-भक्ति, जन सेवा, के आदर्श वाक्य के प्रति होमगार्ड जवानों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की गई तथा होमगार्ड जवानों द्वारा बाढ़, आपदा, प्राकृतिक आपदा तथा कानून व्यवस्था तथा नागरिकों की सुरक्षा करने में इनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रमोदय विद्यालय, मंगेली, जबलपुर तथा महाकौशल, आपदा प्रबंधन विश्वविद्यालिय, चरगवां रोड, जबलपुर के विद्यार्थियों द्वारा मोहक नृत्य प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्लाटून कमाण्डरों तथा हवलदार अनुदेशकों तथा सांस्कृति कार्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा-पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम तथा खेल-कूद प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें प्रदान की गईं।

CHANGE OF NAME
I, ARMY NO. 6499919F RANK NK NAME ANIRUDH PRATAP SINGH S/O VIRENDRA SINGH OF UINT 54 COY ASC (SUPLY) AADHAR CARD No. 9258 8817 3007 I, have changed name of my MOTHER, from BIMLWSH SINGH (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to BIMLESH SINGH (name as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 7435 1992 3834) vide affidavit dated 06/12/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
BIMLESH SINGH
INCORRECT NAME
BIMLWSH SINGH

CHANGE OF NAME
AND DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. 6499919F RANK NK NAME ANIRUDH PRATAP SINGH S/O VIRENDRA SINGH OF UINT 54 COY ASC (SUPLY) AADHAR CARD No. 9258 8817 3007 I, have changed name and date of birth of my FATHER from name VIRENDRA PRATAP SINGH and date of birth 16/05/1966 (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name VIRENDRA SINGH and date of birth 01/01/1966 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD NO. 5893 3028 3387) vide affidavit dated 06/12/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-VIRENDRA SINGH
INCORRECT NAME
VIRENDRA PRATAP SINGH
CORRECT DATE OF BIRTH
01/01/1966
INCORRECT DATE OF BIRTH
16/05/1966

CHANGE OF NAME
AND DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. 15722702X RANK NK NAME JEYABAL S S/O LATE P. SUBBHARAJ OF UNIT HQ COY, HQ 1 STC, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 3429 0175 2775 I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name S SARATHAMANI and date of birth 15/06/1965 (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name SARADHA S and date of birth 17/08/1962 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 7566 7292 4230) vide affidavit dated 05/12/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SARADHA S
INCORRECT NAME
S SARATHAMANI
CORRECT DATE OF BIRTH
17/08/1962
INCORRECT DATE OF BIRTH
15/06/1965

# भारत की ऐसी रहस्यमयी झील, जो दिन में कई बार बदलती है पानी का रंग

भारत में कई ऐसी जगह हैं, जो देश और विदेश के पर्यटकों को खूब पसंद आती है। भारत में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक प्राकृतिक सुंदरता दिखाई देती है। इनमें हिमाचल प्रदेश का दुर्गम जिला लाहौल-स्पीती भी शामिल है। यहां की प्राकृतिक सुदरता देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। पर्यटकों को खूबसूरत वादियां, ग्लेशियर और ऊंचे पहाड़ अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। यहां की बेहद खूबसूरत झीलें सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं।



### 14100 फीट की ऊंचाई पर स्थित है द मून लेक

माना जाता है कि यहां पर स्थित चंद्रताल झील बेस्ट कैम्पिंग साइट है। यहां आकर पर्यटक अपने आपको प्रकृति के बेहद करीब महसूस करते हैं। इस झील को द मून लेक के नाम से भी जाना जाता है। दुनिया की सबसे खूबसूरत झीलों में शुमार चंद्रताल लेक समुद्रतल से 14100 फीट की उंचाई पर स्थित है। सर्दी के मौसम की शुरुआत होते ही यहां पर बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो जाता है जिसकी वजह से यह स्थान तीन से चार महीने तक के लिए बंद कर दिया जाता है।



### मीठे पानी के नाम से भी जानी जाती है यह झील

इस झील के पानी के बारे में जानेंगे तो आप हैरान हो जाएंगे। इस झील की खासियत है कि इसका पानी दिन में तीन बार अपना रंग बदलता है। इस झील को 'मीठे पानी की झील' के नाम से भी जाना जाता है। यह झील लाहौल-स्पीति के स्थानीय लोगों के लिए धार्मिक महत्व भी रखती है।

### अर्धचंद्र आकार की है यह चांदी की झील

यह झील स्पीति और कुल्लू घाटी से कुछ ही दूरी स्थित है। यह एक टापू पर है जिसकी वजह से अर्धचंद्र की तरह दिखाई देती है जिसकी वजह से लोग इसे द मून लेक यानी चांदी की झील भी कहते हैं। इस झील का पानी इतना साफ है कि शीशे की तरह चमकता है। कहा जाता है कि झील का यह क्षेत्र कभी स्पीति और कुल्लू जाने वाले तिब्बत और लद्दाख के व्यापारियों का महत्वपूर्ण स्थान था। अब यह झील पूरी दुनिया को अपनी तरफ आकर्षित करती है।

सुरंग

# जमीन के 8040 फीट नीचे दुनिया की सबसे लंबी रेल सुरंग

**57 किमी तक अंधेरे में दौड़ती ट्रेन, 17 साल में बनी, 106346 करोड़ हुए**

**स्विट्जरलैंड।** जमीन पर फर्राटे से दौड़ती ट्रेन तो देखा होगा, हवा में झूलते पुल से गुजरती ट्रेन भी देखी होंगी। समंदर पर दौड़ते रेल का सफर भी किया होगा और ट्रेन के सुरंग के अंधरे में गुम होने पर तालियां भी बजाई होंगी, लेकिन आज एक ऐसे सफर पर ले जा रहे हैं, जहां ट्रेन जब टनल में घुसती है तो 57 किमी की सफर तय करने के बाद ही निकल पाती है। हम बात कर रहे हैं दुनिया की सबसे लंबी और सबसे गहरी रेल सुरंग स्विट्जरलैंड की गॉटार्ड रेल टनल की।



### रोजाना 260 ट्रेनें करती हैं आवागमन

इस टनल से 65 यात्री ट्रेनों के अलावा रोजाना करीब 260 मालगाड़ियां भी गुजरती हैं। इस टनल से गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार 250 किलोमीटर प्रति घंटे रहती है। गोथर्ड बेस सुरंग खासतौर पर माल परिवहन के लिए है। टनल न केवल ट्रेनों का समय बचाता है, बल्कि परिवहन के खर्च को बचाता है। इस रेल लाइन के जरिए माल ढुलाई का खर्च को हो रहा है। प्रदूषण कम होने से पर्यावरण की सुरक्षा हो रही है।

### ढाई हजार से ज्यादा मजदूरों ने किया 17 साल काम

स्विटजरलैंड का गॉटार्ड बेस टनल दुनिया का सबसे लंबा और सबसे गहरा रेल टनल है। ये सुरंग इतना लंबा और गहरा है कि इसे बनाने में 17 साल लग गए। 2400 से 2600 से अधिक मजदूरों ने दिन-रात काम कर इस रेल सुरंग को साल 2016 में तैयार कर दिया।

### तीन करोड़ से ज्यादा निकालीं चट्टानें, जोड़ती है उत्तरी-दक्षिणी यूरोप को

यह रेल सुरंग स्विस आल्प्स के नीचे से होकर गुजरती है और उत्तरी और दक्षिणी यूरोप को जोड़ने का काम करती है। इस सुरंग की वजह से ज्यूरिख से मिलान का सफर महज 3 घंटे हो जाता है, जिसे पहले 5 से साढ़े 5 घंटे लगते थे। इस सुरंग को बनाना आसान नहीं था। इसे बनाने में 3.1 करोड़ चट्टानों को निकालना पड़ा।

### दुनिया का सबसे गहरी रेल टनल, बनाने में कितना खर्च

गॉटार्ड बेस टनल सिर्फ सबसे लंबा ही नहीं बल्कि सबसे गहरा रेल सुरंग है, जो 2450 मीटर (8,040 फीट) गहराई से होकर गुजरती है। इस टनल को बनाने में 1250 करोड़ डॉलर यानी 10,63,46,11,58,400 रुपये का खर्च किया गया। टनल के अंदर गाड़ियों की रफ्तार 200 से 220 किमी प्रति घंटे की होती है। हर दिन 15000 से अधिक रेल पैसेंजर इस सुरंग को ट्रेन के जरिए पार करते हैं।

### हादसे के बाद हो गई थी बंद

साल 2023 में एक मालगाड़ी के हादसे की वजह से इस टनल को बंद कर दिया गया था। रेल हादसे के चलते टनल को बड़ा नुकसान हुआ था, जिसकी मरम्मत में एक साल का वक्त लग गया। साल 2024 में इसे वापस से खोल किया गया।





**भोपाल।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लम्बा मध्यप्रदेश की नवनियुक्त अध्यक्ष रीना बोरसी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नूरी ख़ान, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुनीता मिश्रा, खंडवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# दुनिया के सबसे दुर्लभ नारंगी सांप जिसे देखकर आप भी कहेंगे- वाह...!

**नई दिल्ली।** दुनिया में कुछ ऐसे दुर्लभ नारंगी रंग के सांप पाए जाते हैं, जो दिखने में बेहद खूबसूरत और अनोखे हैं। इनमें कोरल रेड कुकरी, अफ्रीकन बुश वाइपर, ऑरेंज-बैंडेड कोरल, ऑरेंज-कॉलर कीलबैक और गोल्डन ट्री स्नेक शामिल हैं। इनके रंग सिर्फ सुंदर नहीं, बल्कि सुरक्षा और शिकार की रणनीति भी हैं।

**कोरल रेड कुकरी :** कोरल रेड कुकरी दक्षिण एशिया का एक बेहद दुर्लभ सांप है, जिसका शरीर चमकदार नारंगी-लाल रंग का होता है। कभी इसे विलुप्त माना गया था, लेकिन भारत के दुधवा नेशनल पार्क में इसे दोबारा देखा गया। यह गैर विषैला सांप अपनी रंगत से जंगल में आसानी से छिप जाता है। इसकी चमकदार त्वचा इसे पेड़ों और झाड़ियों में लगभग अदृश्य बना देती है।



### अफ्रीकन बुश वाइपर

अफ्रीकन बुश वाइपर मध्य और पूर्वी अफ्रीका के घने जंगलों में पाया जाता है। यह विषैला सांप पेड़ों और झाड़ियों में रहता है और अपनी खुरदुरी नारंगी स्केल्स से खुद को छिपा लेता है। यह रात में शिकार करता है और पक्षियों व छोटे जानवरों को पकड़ता है। हालांकि यह जहरीला है, मगर इंसानों से दूर रहना ही इसकी फितरत है।



### ऑरेंज-कॉलर कीलबैक

हिमालय की तराई में पाया जाने वाला यह सांप अपने सिर के पीछे नारंगी कॉलर जैसी पट्टी के लिए मशहूर है। यह हल्का जहरीला होता है लेकिन इंसानों के लिए खतरा नहीं है। लगभग 83 सेंटीमीटर लंबा यह सांप ठंडे इलाकों के जंगलों में रहता है और छोटे जीव-जंतुओं को शिकार बनाता है।

### गोल्डन ट्री स्नेक

गोल्डन ट्री स्नेक को अक्सर 'उड़ने वाला सांप' कहा जाता है क्योंकि यह एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक फिसलकर पहुंच सकता है। इसके शरीर पर हरे और काले रंग के बीच नारंगी या लाल धब्बे इसे बेहद सुंदर बनाते हैं।

# आधुनिक और भारतीय शिक्षा के समन्वय का मार्ग प्रशस्त करेगा भारतीय शिक्षा बोर्ड : डॉ. एनपी सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रयागराज

एएमए कन्वेंशन सेंटर प्रयागराज में आयोजित संगोष्ठी में भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य स्वदेशी शिक्षा पद्धति को पुनर्जीवित करते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि आज देश को ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों में आत्मगौरव, भारतीयता, नैतिकता, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक दृष्टि दोनों का विकास कर सके। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखकर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और राज्य बोर्डों के समकक्ष मान्यता प्राप्त है। डॉ. सिंह ने बताया कि बोर्ड के पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, गीता, जैन और बौद्ध दर्शन, भारतीय शूरवीरों की कथाएँ, संवैधानिक मूल्य, गुरुकुल परंपरा और आधुनिक विज्ञान-प्रौद्योगिकी को संतुलित रूप से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को कहानियों और कविताओं के माध्यम से भारतीय दर्शनों से परिचित कराने तथा उच्च कक्षाओं में इन विषयों का विस्तृत अध्ययन कराने की व्यवस्था की गई है। पाठ्यक्रम में भारत के लगभग 120 महान नायकों की जीवनगाथाओं को भी शामिल किया गया है। बोर्ड का पाठ्यक्रम यूपीएससी, जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप भी विकसित किया गया है। यह बोर्ड सीबीएसई के समकक्ष है, यह कक्षा 9 से 12 तक की स्कूलों को मान्यता देती है। कक्षा 1 से 8 तक के मान्यता प्राप्त विद्यालय भारतीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता ले सकते हैं। विशिष्ट अतिथियों में संयुक्त शिक्षा निदेशक राम नारायण विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संयुक्त कुल सचिव मेजर डॉ. हर्ष कुमार उपस्थित रहे। भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी भगवान सिंह भी कार्यक्रम में सहभाग रहे। कार्यक्रम का संचालन बृज मोहन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय शिक्षा बोर्ड के मंडल समन्वयक राजन विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह, आर्यन साहू, शुभम प्रयागराज एवं कौशाम्बी जनपदों के सैकड़ों विद्यालयों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# दुर्लभ अंडे की हुई नीलामी, 273 करोड़ से ज्यादा रुपये में बिका

**क्रिस्टीज, लंदन।** आमतौर पर एक अंडा 6 से 10 रुपये का मिलता है, लेकिन बीती 2 दिसंबर को एक अंडा करोड़ों रुपये में बिका है। दरअसल, रूस के शाही परिवार का हीरा जड़ित क्रिस्टल फैबरगे अंडा लंदन की एक नीलामी में रिकॉर्ड 2.29 करोड़ पाउंड यानी करीब 273 करोड़ से ज्यादा रुपये में बिका। यह एक दुर्लभ अंडा है, जिसे जौहरी की सबसे खूबसूरत कृतियों में से एक माना जाता है।

### कैसे बनाया गया था यह अंडा?

इस अंडे का डिजाइन सेंट पीटर्सबर्ग की आभूषण कंपनी की केवल दो महिला कारीगरों में से एक अल्मा थेरेसिया पिहल द्वारा तैयार किया गया था। इस अंडे को कीमती क्रिस्टल और गुलाब के आकार के हीरों के साथ-साथ प्लैटिनम से सजाया गया था, वहीं अंडा खोलने पर इसके अंदर सफेद क्वाट्र्ज फूलों की एक छोटी टोकरी दिखाई देती है।



### रोमानोव परिवार के लिए बनाए गए थे ऐसे 50 अंडे

फैबर्जे परिवार ने रूस के शाही रोमानोव परिवार के लिए केवल 50 अंडे बनाए थे, लेकिन उनमें से महज 7 अंडे ही निजी हाथों में हैं।बाकि अंडे या तो गायब हैं या संस्थानों और संग्रहालयों के स्वामित्व में हैं। क्रिस्टीज नीलामीघर के मुताबिक, ये अंडे साल 1885 से लेकर साल 1917 में जार निकोलस द्वितीय को पद छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने तक बनाए जाते रहे थे।

### गहनों की नीलामी ने तोड़े सभी रिकार्ड

इस दुर्लभ अंडे से पहले इसी साल के बीते जून के महीने में प्रसिद्ध नीलामीघर क्रिस्टीज ने आभूषण जगत में नए मानक स्थापित करते हुए इतिहास रच डाला था। हैरानी की बात यह है कि गहनों की इस नीलामी के जरिए क्रिस्टीज ने 759 करोड़ रुपये की भारी कमाई कर डाली क्योंकि इसके दौरान कई प्राकृतिक हीरों और रत्नों से सजे आभूषण बेचे गए थे।

### 4,500 हीरों से सजा हुआ है यह अंडा

इस दुर्लभ अंडे की नीलामी लंदन स्थित क्रिस्टीज नीलामीघर द्वारा की गई है। हालांकि, अभी खरीदार का नाम सामने नहीं आया है।4,500 हीरों से सजे इस अंडे को रूस के अंतिम शासक सम्राट जार निकोलस द्वितीय ने साल 1913 में अपनी मां मारिया फियोदोरोव्ना को उपहार के रूप में बनवाया था। 8.2 सेमी (3.2 इंच) ऊंचा यह अंडा कार्ल फैबर्जे द्वारा बनाया गया था।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी परमानेंट बेसिस पर सीधी पक्की भर्ती, 6230 सीट ,पद - वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, वनरेंजर,सैलरी - (28500- 38500/-) (10वी- 12वी पास ) लड़के लड़कियां आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप / कॉल करें -9685327774 (रायपुर /09/ दिस./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।




## शब्द पहेली - 6071



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6070 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | बा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6081

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।



लाइफ Style

# सामंथा

## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला




# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए, नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



## बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

## मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुईं थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



## इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन


फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

## धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

## अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।

## खबर संक्षेप



### कोहली और वाशिंगटन ने की सिंहाचलम मंदिर में पूजा

**विशाखापत्तनम।** विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। अधिकारी ने बताया, ''कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।'

### डीआरएस लेने में मेरा आकलन सही नहीं: कुलदीप

**विशाखापत्तनम।** स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही, जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।



### नामीबिया क्रिकेट टीम के सलाहकार बने कर्स्टन

**नई दिल्ली।** भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रहे गैरी कर्स्टन को नामीबिया की राष्ट्रीय पुरुष टीम का सलाहकार नियुक्त किया गया है और वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मुख्य कोच क्रेग विलियम्स के साथ काम करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कर्स्टन ने कहा, 'क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वास्तव में सौभाग्य की बात है। उनका नया अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम इस बात का प्रमाण है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनकी राष्ट्रीय टीमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करें।'



### युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय: गंभीर



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद कहा, 'वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारुप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'वे वही कर रहे हैं, जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।'



# मेस्सी ने दिखाया दम, मुलर पर पड़े भारी, इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब

एजेंसी ▸▸ फोर्ट लॉडरडेल

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी।



### इंटर मियामी की जीत में चमके मेस्सी

मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

### मेसी ने कॅरियर की 47वीं ट्रॉफी जीती

मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

# ब्रिस्बेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का जलवा इंग्लैंड को दी 8 विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए।

- स्मिथ ने गाबा में पूरे किए 1 हजार टेस्ट रन



### इंग्लैंड की हार के लिए रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार

*इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे, जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी। इंग्लैंड के कप्तान ने 'बैजबॉल' की आक्रामक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाते हुए टीम की एशेज संभावनाओं को फिर से जीवित करने की कोशिश की। इंग्लैंड ने सुबह छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए उकसाया जा सके। स्टोक्स और विल जैक्स (41) ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह इंग्लैंड की हमेशा हर कीमत पर आक्रामक खेलने वाली मानसिकता से बिल्कुल अलग तरीका था क्योंकि इसकी पहले काफी आलोचना हुई थी।*

### आर्चर और स्मिथ के बीच हुई बहस

*ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने आर्चर की गेंद को लेग साइड में जोरदार पुल करके चौका मारा। ये शॉट इतने स्टाइल में था कि आर्चर को गुस्सा आ गया। अगली ही गेंद पर आर्चर ने 150 किमी/घंटे से ऊपर की रफ्तार वाली उछाल भरी गेंद फेंकी। स्मिथ अपर-कट मारने से चूक गए तो आर्चर उनके करीब आए और जोर-जोर से उन्हें कुछ बोलने लगे। स्मिथ बिल्कुल नहीं डरे नहीं। अगली दो गेंदों में ही उन्होंने आर्चर के 155 किमी/घंटे वाले बॉल पर 10 रन ठोक दिए। इसमें एक जोरदार छक्का भी शामिल था। छक्का मारने के बाद स्मिथ मुस्कुराते हुए आर्चर के पास गए और बोले, कुछ हो नहीं रहा होता तब ही तेज गेंद फेंकते हो यार!*

### माइकल नेसर ने लिए पांच विकेट

इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवा दिए और दूसरी पारी में 241 रन पर ऑल आउट हो गई। माइकल नेसर ने पांच विकेट लिए। स्टोक्स ने 148 गेंद में अपने 50 रन पूरे किए, जो उनके करियर का दूसरा सबसे धीमा अर्धशतक था। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला टेस्ट दूसरे दिन ही जीत लिया था। दूसरा टेस्ट कम से कम चौथे दिन तक चला। अब तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होगा और एशेज वापस पाने के लिए इंग्लैंड को जीत की जरूरत है। चौथा टेस्ट 'बॉक्सिंग डे' पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो इंग्लैंड की दूसरी इनिंग में माइकल नेसर ने सबसे शानदार गेंदबाजी की और 16.2 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट और ब्रैंडन डॉकेट ने एक विकेट लिया। बता दें कि पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट अपने नाम किए थे।

निशानेबाजी

# सुरुचि का शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण



एजेंसी ▸▸ दोहा

प्रतिभाशाली निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक और शानदार प्रदर्शन हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी साथी संयम ने रजत पदक हासिल किया, जिससे भारत ने सत्र के आखिर में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन शानदार शुरुआत की। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने निराश किया और वह पदक हासिल करने से चूक गईं।

- आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन संयम को मिला रजत, मनु पदक से चूकी

### फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं मनु

*10 मीटर राइफल निशानेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुरुचि ने फाइनल में 245.1 का शानदार स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दिन चमका दिया। वहीं पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने 243.3 के स्कोर के साथ देश के लिए रजत पदक पक्का किया। मनु भाकर फाइनल में पहुंची लेकिन 179.2 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस साल की शुरुआत में लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के बाद सुरुचि सितंबर-अक्तूबर में विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर थीं। वह शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 586 के कुल स्कोर के साथ 12 निशानेबाजों के एलीट ग्रुप में क्वालिफिकेशन दौर में दूसरा स्थान हासिल किया।*

गुवाहाटी मास्टर्स

# 19 वर्षीय सारस्वत ने जीता सुपर 100 का खिताब



एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह उप विजेता रहीं। पंजाब की 16 साल की खिलाड़ी पिछले हफ्ते सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक भी एकतरफा फाइनल में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई की छठी वरीय जोड़ी से 13-21 18-21 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

- गुवाहाटी मास्टर्स में तन्वी रहीं उप विजेता

### पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत ने बनाई बढ़त

सारस्वत ने पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीता था और इससे पहले जूनियर एकल का खिताब भी जीता था। यह जोड़ी पिछले साल सितंबर में 31वें स्मिट कृष्णा खेतान मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 इवेंट में उपविजेता भी रही थी। अपने दाहिने पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत पहले गेम के शुरू में बढ़त बनाए थे। लेकिन मंजूनाथ ने 7-7 की बराबरी हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की गलतियों का फायदा उठाया। सारस्वत ने ब्रेक तक 11-9 की मामूली बढ़त बनाई हुई थी लेकिन आक्रामक शॉट्स लगाकर इसे 14-10 तक बढ़ा दिया। मंजूनाथ अपने प्रतिद्वंद्वी के क्रॉस-कोर्ट और डाउन-द-लाइन स्मैश को समझने में संघर्ष कर रहे थे, जिससे सारस्वत नौ गेम प्वाइंट तक पहुंच गए और आसानी से पहला गेम जीत लिया।

# जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप पर 12वीं बार मणिपुर का कब्जा



एजेंसी ▸▸ अनंतपुर

*मणिपुर ने बंगाल को 9-0 से हराकर जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप टियर एक का खिताब 12वीं बार अपने नाम कर लिया। चिंगखामायुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें मिनट), लोंगजाम नीरा चानू (29वें, 55वें, 59वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि याइफाबी थोकचोम (68वें, 76वें मिनट) ने दो और मोंगजाम पुष्परानी देवी (75वें मिनट) ने एक गोल किया। महान भारतीय फुटबॉलर डॉ. तालीमेरेन एओ के नाम पर आयोजित इस चैंपियनशिप में मणिपुर का दबदबा रहा है। बंगाल ने फाइनल में पहुंचने के बाद मणिपुर की बादशाहत को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन पूर्वोत्तर की इस मजबूत टीम ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। मणिपुर ने इसके साथ इस खिताब की हैट्रिक जीत पूरी की। टीम ने इससे पहले 2023-24 और 2024-25 में भी इस खिताब को जीता था।*

# दिल्ली सरकार प्रतीका को देगी 1.5 करोड़ का पुरस्कार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वार्ड्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता।



सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, 'आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में हमने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी प्रतीका रावल का स्वागत किया। हमारी प्रतिभाशाली बेटी प्रतीका ने दिल्ली को गौरवान्वित किया है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली सरकार उन्हें 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार देगी।'

11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल का महासंग्राम

# फीफा वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान, टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी 48 टीमें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया, जिसकी शुरुआत 11 जून से होगी। इस बार इस वर्ल्ड कप में कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और वॉशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 ग्रुप में कौन-कौन सी टीमें होंगी इसकी भी घोषणा कर दी गई।

### खेले जाएंगे 104 मुकाबले

फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होगा और ये टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक खेला जाएगा। इस बार 16 नई टीमें जुड़ रही हैं, जिससे टीमों की कुल संख्या 48 हो गई है। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में टीमों की संख्या 32 थी और पिछली बार 64 मुकाबले हुए थे तो वहीं इस बार कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ज्यादातर मैच अमेरिका में होंगे और फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



### डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच अल्जीरिया के साथ

फीफा विश्व कप 2026 का पहला मैच मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच एस्टाडियो अज्टेका में खेला जाएगा तो वहीं डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप अपने पहले मैच में अल्जीरिया से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों को ऑस्ट्रिया और जॉर्डन के साथ ग्रुप जे में रखा गया है। मौजूदा फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना और प्रमुख दावेदार स्पेन और इंग्लैंड को 2026 वर्ल्ड कप के लिए आसान ग्रुप मिले। वहीं फ्रांस को मुश्किल ग्रुप मिला। फुटबॉल के दो सबसे बड़े सुपरस्टार किलियन एमबापे (फ्रांस) और एर्लिंग हालैंड (नॉर्वे) की टीम एक ही ग्रुप का हिस्सा है। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ग्रुप एच में केप वर्डे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली टीमों के ग्रुप

- ग्रुप ए: मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, यूईएफए प्लेऑफ डी
- ग्रुप बी: कनाडा, यूईएफए प्लेऑफ ए, कतर, स्विट्जरलैंड
- ग्रुप सी: ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड
- ग्रुप डी: यूएसए, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूईएफए प्लेऑफ सी
- ग्रुप ई: जर्मनी, कुराओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर
- ग्रुप एफ: नीदरलैंड, जापान, यूईएफए प्लेऑफ बी, ट्यूनीशिया
- ग्रुप जी: बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- ग्रुप एच: स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
- ग्रुप आई: फ्रांस, सेनेगल, फीफा प्लेऑफ 2, नॉर्वे
- ग्रुप जे: अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
- ग्रुप के: पुर्तगाल, फीफा प्लेऑफ 1, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
- ग्रुप एल: इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा




रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा धान उपार्जन, बिचौलियों पर कार्यवाही तेज

# 38 गांव के बीच एक खरीदी केन्द्र बनाने से किसान परेशान

**जबलपुर।** धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 20 जनवरी तक चलेगी, इस बीच प्रशासन ने अवैध धान उपार्जन पर लगाम लगाने धरपकड़ भी शुरु कर दी है. लेकिन इस बीच खरीदी केन्द्रों पर इंतजाम नहीं हो पाए. वारदानों की कमी के कारण तौल अभी लगभग न के बराबर हो रही है. कुछ क्षेत्रों में खरीदी शुरु हो चुकी है और व्यवस्थाएं भी समुचित चल रही हैं. लेकिन पनागर सिहोरा के किसानों की परेशानी बढ़ती दिख रही है. ग्राम सिंगौद की सेवा सहकारी समिति में लगभग 38 गांव आते हैं, लेकिन यहां सिर्फ एक खरीदी केन्द्र बनाया गया है. लेकिन यहां अभी तक किसान 24 हजार क्विंटल धान बेचने का स्लॉट बुक करा चुके हैं पर तुलाई शून्य हैं. किसानों का आरोप है की खरीदी सिर्फ कागजों में दिखाई जा रही है वास्तविकता इससे उलट है. किसान केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां वारदानों के साथ साथ तुलाई और स्टाफ की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है. इससे काम गति नहीं पकड़ पा रहा है. उधर प्रशासन का कहना है की सब तरफ व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं, बहुत जल्द खरीदी प्रक्रिया में तेजी आएगी. यहां किसानों को कहना है कि मौसम एकदम सर्द होने की वजह से खेतों में खुली पड़ी धान में नमी आने की संभावनाएं बढ़ रही है. यदि इस बीच मावठे की बारिश हो गई तो किसान पर आफत टूट पड़ेगी. लिहाजा समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाए कर धान उपार्जन की प्रक्रिया तेज की जाए. उपार्जन केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाई जाए, ताकी किसानों को दूर दूर तक न भटकना पड़े।



## धनगवां में गोदाम सील

इधर प्रशासन धान के अवैध उपार्जन और बिचौलियों पर कार्यवाही करने के लिये सख्त नजर आ रहा है. कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शनिवार को देर रात मझौली तहसील के ग्राम धनगवां स्थित शारदा वेयरहाउस के गोदाम क्रमांक 33 को धान का अवैध भंडारण पाये जाने पर सील कर दिया गया है। एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र अहाके के अनुसार शनिवार को किये गये निरीक्षण के दौरान इस गोदाम में करीब 1097 बोरी धान अवैध रूप से रखी पाई गई थी।

## इंद्राना में वेयर हाउस सील

इसी तरह प्राइवेट वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान तहसील मझौली के अंतर्गत ग्राम इंद्राना में जय सियाराम वेयरहाउस क्रमांक 23 संचालक काजू बर्मन के वेयरहाउस में अवैध रूप से रखी हुई धान की 8157 बोरी एवं 420 बोरी मक्का पाए जाने पर उक्त वेयरहाउस को सील किया गया। सीलिंग की कार्यवाही उपरांत मौके का पंचनामा तैयार किया गया। उक्त कार्यवाही राजेश मिश्रा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मझौली एवं राजस्व निरीक्षक लखन पटेल हल्का पटवारी संदीप यादव की मौजूदगी में की गई।

# छह विधानसभा में मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण




**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत जिले की आठ में से छह विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है। आज शनिवार को जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र पनागर, जबलपुर उत्तर और जबलपुर पश्चिम के शत प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है। विधानसभा क्षेत्र पाटन, बरगी और सिहोरा में गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पहले ही पूरा कर लिया गया था। शेष दो विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व में 98.98 एवं जबलपुर केंट में 98.41 फीसदी काम पूरा हो चुका है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार शनिवार की रात 8 बजे तक जिले में 99.71 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है। इनमें 13.67 फीसदी एएसडीआर श्रेणी के मतदाता तथा ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने वाले मतदाता भी शामिल हैं। एएसडीआर की श्रेणी में अभी तक 2 लाख 63 हजार 237 मतदाताओं की संख्या दर्ज हुई है। इनमें मृत मतदाताओं की संख्या 50 हजार 866, अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या 77 हजार 938, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 1 लाख 19 हजार 215 है तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 1 हजार 888 है। मतदाताओं के गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन में 13 हजार 312 मतदाताओं द्वारा भरे गये ऑनलाइन गणना प्रपत्र भी शामिल है। कुल डिजिटाइजड गणना पत्रकों में नो मैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 1 लाख 35 हजार 004 है।

## हेल्पर ने पत्थर पटककर की ट्रक चालक की हत्या

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत शाही तालाब के समीप कल सुबह छत्तीसगढ़ से पानी के पाईप लेकर आये ट्रक के ड्राईवर का शव केविन में मिलने से हडकंप मच गया। ड्राईवर के सिर में गंभीर चोट के निशान मिले है वही समीप ही खून लगा पत्थर पड़ा था। घटना के बाद से ट्रक का हेल्पर फरार है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सिर में गंभीर चोटों के निशान को देखते हुए प्रथम दृष्टया हत्या की पुष्टि की है। घटना के बाद से ट्रक का हेल्पर फरार है। जिसे देखते हुए साथी ड्राईवर की हत्या करने की शंका फरार हेल्पर पर जतायी जा रही है। घटना के संबंध में संजीवनी नगर थाना प्रभारी बीडी द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम द्वारा पानी की पाईप लाईन बिछाने का काम किया जा रहा है इसके लिए छत्तीसगढ़ से ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यू जी 9427 पाईप लेकर संजीवनी नगर पहुंचा था ट्रक चालक ने शाही तालाब के पास ट्रक खड़ा कर वह केविन में ही सो गया था। कल सुबह 11 बजे ठेकेदार की सूचना पर पहुंचे नगर निगम गढ़ा जोन कार्यालय के जल विभाग के लाईन मेन अजय पटेल ने देखा कि ट्रक खड़ा था वहीं ड्राईवर आसपास कहीं दिखायी नहीं दे रहा था उसने केविन में झांककर देखा तो ड्राईवर मुंह के बल पड़ा था जिसके सिर व चेहरे में खून के निशान थे वही उसकी मौत हो गई थी लाईनमैन अजय पटेल ने ट्रक के संबंध में तुलसी ट्रांसपोर्ट किया तो किसी विवेक अग्रवाल ने फोन उठाया उसने ब्रोकर का नंबर दिया ब्रोकर से सम्पर्क करने पर पता चला कि ट्रक डाईवर का नाम पथरिया दमोह निवासी माधव रजक है घटना के बाद से ट्रक हेल्पर फरार है संभवतः हेल्पर ने ही साथी ड्राईवर पत्थर से हमला कर उसे मौत के घाट उतारा है।

## रूपए देने से मना करने चाकू मारा

**जबलपुर।** पनागर थानान्तर्गत कल शाम लगभग सात बजे मझगवां तिराहा के समीप पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति ने एक किसान के साथ गाली गलौज कर रूपए की मांग की मना करने पर आरोपी ने किसान के साथ मारपीट की इसी दौरान उसके साथी ने चाकू से हमला कर किसान के गाल व सिर में चोटें पहुंचायी। दोनों हमलावर जान से जारने की धमकी देते हुए भाग गये। पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम मझगवां निवासी संत सिंह ठाकुर के घर से बकरियां चोरी जाने पर उसका समीप ही रहने वाले पप्पू मुसलमान के साथ विवाद हुआ था इसी बात को लेकर पप्पू संत सिंह से रंजिश रखने लगा। कल शाम संत सिंह ठाकुर कहीं से लौट रहा थाा तभी मझवां तिराहे के समीप उसे पप्पू मुसलमान अपने साथी पप्पा बंजारा के साथ खड़ा मिला जो संत सिंह को देखते ही भड़क गया और गाली गलौज करते हुए बोला कि तेरे कारण मेरी समाज में बहु बेईज्जती हुई है। पप्पू ने संत सिंह से 1 हजार रूपए मांगे मना करने पर पप्पू ने संत सिंह के साथ मारपीट की इसी दौरान उसके साथी पप्पा बंजारा ने संत सिंह पर चाकू से हमला कर उसके सिर व गाल में गंभीर चोटे पहुंचायीञ इसके बाद हमलावर धमकाते हुए भाग गया।

## बेलगाम बाईक की टक्कर से वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** बरगी थानान्तर्गत कल शाम घुल्लापाठ मोड़ के समीप मोटर साईकिल सवार मां बेटे को पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी से गिरने से मां-बेटे को चोटें आयीं थी। घटना में मोटर साइकिल चालक की पीछे बैठी मां गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसे युवक ईलाज के लिए बरगी अस्पताल ले गया था। जहां डाक्टर ने जांच के उपरांत वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में बरगी पुलिस ने बताया कि सिवनी घंसौर निवासी कमलेश यादव अपनी मां भूरी बाई यादव के साथ मोटर साइकिल से बरगी नगर जा रहा था शाम घुल्लापाठ मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक ने पीछे से कमलेश की मोटर साइकिल में टक कर मार दी घटना में कमलेश और उसकी मां भूरी बाई को चोटें आयीं थी जिसे कमलेश ईलाज के लिए बरगी अस्पताल ले गया जहां डाक्टर चैक कर भूरी बाई को मृत करार दिया।

परीक्षा किसी और ने दी, नौकरी करने कोई और पहुंचा, मामला दर्ज

## रेलवे की टेक्नीशियन ग्रेड थ्री परीक्षा में फर्जीवाड़ा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर में वर्ष 2024 की टेक्निशियन ग्रेड-3 परीक्षा में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सीबीआई जबलपुर ने इस मामले में रेल्वे की शिकायत पर बिहार मुंगेर निवासी मुकेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फर्जीवाड़े की जांच में खुलासा हुआ कि परीक्षा में मुकेश कुमार के स्थान पर कोई और उम्मीदवार बैठा था और नौकरी ज्वॉइन करने वह स्वयं पहुंचा। पमरे की इस परीक्षा में कुल 92 अभ्यर्थी चयनित हुए थे, जिनमें मुकेश भी शामिल था। चयन के बाद सभी अभ्यर्थियों को आईआरटीएमटीसी, पीआरवाईजी में 10 नवंबर 2025 को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। वहां 14 नवंबर को जब दोबारा बायोमेट्रिक कराया गया तो मुकेश के बायोमेट्रिक और फोटो, परीक्षा के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाए। इस पर संदेह होने के बाद जब मुकेश कुमार से गहन पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि परीक्षा और मेडिकल टेस्ट उसके स्थान पर किसी और ने दिया था। इसके बाद रेलवे ने उसे बर्खास्त कर सीबीआईको मामले से अवगत कराया। अंततः सीबीआई जबलपुर ने मामला दर्ज कर लिया।

एनएच 30 पर दरमियानी रात दुर्घटना

## खड़े पिकअप वाहन से टकराकर पलटा ट्रक तीन की मौत, एक घायल

**जबलपुर।** संभाग के मंडला जिला अंतर्गत बम्हनी थाना की चौकी अंजनिया क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर अहमदपुर चौराहा के समीप बीती आधी रात बाद लगभग 1 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मटर से भरी पिकअप एक्सीडेंटल जोन के समीप खड़ी हुई थी। इसी दौरान रायपुर से जबलपुर की ओर जा रहा सरिया लदा ट्रक एनएच 30 पर अनियंत्रित होकर अहमदपुर चौराहे पर एक पिकअप वाहन से टकरा कर पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के पास खड़े ढाबा संचालक शीतल गुप्ता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रक में सवार एक बालक तथा पिकअप वाहन के एक अन्य व्यक्ति के शव पलटे ट्रक के नीचे से क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े रहे। घंटों चले रेस्क्यू अभियान के बाद इन्हें निकाला गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया तथा मृतकों के शव पीएम हेतु पहुंचाए व प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की। अज्ञात दो शवों की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

मौसम के तल्ख तेवरों से जनजीवन प्रभावित

## शीतलहर ने जोर पकड़ा

**जबलपुर।** मौसम के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं, आसमान में छाई बादलों की हलकी परत के बीच पारे में गिरावट बनी रही दिन भर शीत लहर का प्रकोप बना रहा और रात में कड़ाके के जाड़े ने लोगों को हिलाकर रख दिया. हवा का रुख भी उत्तरी हो गया है। जिससे ठण्ड जोरदार हमला कर रही है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले दिनों उत्तर भारत में हुये हिमपात के बाद उत्तर भारत से आ रहीं बर्फीली हवाओं के बाद शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया है, जिससे कड़के की ठण्ड पड़ रही है। तापमान में गिरावट का दौर शुरु हो गया। यद्यपि अभी दिन और रात का तापमान सामान्य नीचे आ गया है। पिछले २४ घंटे के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान 08.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 77 प्रतिशत और सायंकाल 56 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.40 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 5.25 मिनिट पर हुआ। अगले २४ घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4 डिग्री शहडोल जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।





अपराधियों के घर पुलिस ने दी दस्तक

## काम्बिंग गश्त में पकड़े गये 210 वारंटी

**जबलपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान 210 वारंटी पकड़े गये. काम्बिंग गश्त के लिये शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई. एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 89 गैर म्यादी वारिटयों एवं 71 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 50 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

फर्स्ट ईयर छात्रों को मिले ज़ीरो अंक गैर हाजिर दिखाए गये उपस्थित छात्र

# रादुविवि की मूल्यांकन प्रणाली पर सवाल

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के परीक्षा और गोपनीय विभाग की कार्यशैली एक बार फिर कटघरे में है। नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा स्थित महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के फर्स्ट ईयर के सैकड़ों विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शून्य आने से छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। मेहनत से परीक्षा देने के बाद सभी विषयों में ज़ीरो अंक मिलना छात्रों के भविष्य पर सीधा असर डाल रहा है और विश्वविद्यालय की मूल्यांकन प्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है।

### मूल्यांकन में भारी गड़बड़ी, छात्र हैं हैरान



परिणाम जारी होने पर विद्यार्थियों ने पाया कि कई विषयों में उन्हें शून्य अंक दिए गए हैं, जबकि कई ऐसे छात्र जिन्हें परीक्षाओं में उपस्थित माना गया था, उन्हें अनुपस्थित बताया गया है। छात्रों के अनुसार यह सिर्फ एक तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि बड़ी लापरवाही है, क्योंकि पिछले वर्षों में भी इसी तरह की घटनाएँ सामने आ चुकी हैं। इस वजह से छात्र कॉलेज और रादुविवि के बीच लगातार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा।

### कॉलेज ने जिम्मेदारी विश्वविद्यालय पर डाली

कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि उनकी भूमिका परीक्षा आयोजित करने और उत्तरपुस्तिकाएँ विश्वविद्यालय भेजने तक सीमित है। मूल्यांकन, अंक प्रविष्टि और परिणाम जारी करने की जिम्मेदारी पूरी तरह रादुविवि की है। प्रिंसिपल का सवाल है कि उपस्थित छात्रों को 'अनुपस्थित और पढ़ने वाले छात्रों को 'ज़ीरो अंक कैसे मिल सकते हैं? मामला बढ़ने पर छात्रों ने परिणाम सुधार की मांग की है। लगातार हो रही इस तरह की त्रुटियाँ विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली और गोपनीय विभाग की कार्यशैली पर गंभीर संदेह पैदा करती हैं।

### विद्यार्थी परिषद के नये अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी के प्रथम नगर आगमन हुआ। श्री तिवारी के प्रथम नगर आगमन के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ताओं द्वारा श्री संदीप जैन के नेतृत्व में मालवीय चौक पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने जोश एवं नारों के साथ श्री रघुराज किशोर तिवारी की अगवानी की। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, सर्वम राठौर, माखन शर्मा, रूपेश जायसवाल, आदि उपस्थित थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240